
हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-180, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024


तिब्बती युवा कांग्रेस अखिल भारतीय बाइक रैली पहुंची धनबाद...02

एडीएम के नेतृत्व में टीम ने किया वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण...06





**वेदांता का शेयर रिकॉर्ड हाई पर**



**सोना 694 रुपए बढ़कर 77869 रुपए पर पहुंचा**




**पैन 2.0 सबको बनवाना जरूरी नहीं**

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा,

# मंदिर-मस्जिद विवादों पर आदेश न सुनाएं अदालतें

#### यूपी-एमपी राजस्थान समेत कई राज्यों में मंदिर-मस्जिद मामले

सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिशंकर जैन ने 19 नवंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले के सिविल कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें दावा किया कि संभल की जामा मस्जिद ही हरिहर मंदिर था। उसी दिन याचिका स्वीकार हो गई। अगले दिन कोर्ट ने जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश दे दिया। 5 दिन बाद यानी 24 नवंबर को टीम सर्वे के लिए फिर जामा मस्जिद पहुंची। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। पथराव और गोलीबारी के बीच 5 लोगों की मौत हो गई। इसके 2 दिन बाद हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने राजस्थान की अजमेर शरीफ दरगाह के संकटमोचन महादेव मंदिर होने का दावा कर दिया। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली। देशभर के अलग-अलग हिस्सों में ये सिलसिला जारी है।



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में मंदिर-मस्जिद विवादों पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अदालतें ऐसे मामलों में कोई ऑर्डर ना दें और न ही सर्वे के आदेश जारी करें। सुप्रीम कोर्ट की 3 मेंबर वाली बेंच प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की कुछ धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। एक्ट के खिलाफ सीपीआई-एम इंडियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार, राजद एमपी मनोज कुमार झा समेत 6 पार्टियों ने याचिका लगाई है। बेंच ने कहा, हम इस कानून के दायरे, उसकी शक्तियों और ढांचे को जांच रहे हैं। ऐसे में यही उचित होगा कि बाकी सभी अदालतें अपने हाथ रोक लें। सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- हमारे सामने 2 मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। तभी अदालत को बताया गया कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इनमें से 10 मस्जिदों से जुड़े हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से याचिकाओं पर 4 हफ्ते में अपना पक्ष रखने को कहा। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- जब तक केंद्र जवाब नहीं दाखिल करता है हम सुनवाई नहीं कर सकते। हमारे अगले आदेश तक ऐसा कोई नया केस दाखिल ना किया जाए। भाजपा नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय, सुब्रमण्यम स्वामी, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, काशी की राजकुमारी कृष्ण प्रिया, धर्मगुरु स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती, रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर अनिल कबोत्रा,

**➲ मस्जिद-दरगाहों के सर्वे का आदेश भी न दें, केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब तलब**

एडवोकेट चंद्रशेखर, रुद्र विक्रम सिंह, वाराणसी इनके अलावा कुछ अन्य ने याचिका लगाई है। इन लोगों ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट-1991 को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की है। जमीयत उलमा-ए-हिंद, इंडियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी, आरजेडी सांसद मनोज झा ने भी इस मामले में याचिका दायर की है।

# दावा : एक देश-एक चुनाव बिल कैबिनेट से मंजूर

### अगले हफ्ते संसद में लाया जाएगा, पास हुआ तो 2029 तक एक साथ देशभर में चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**




केंद्रीय कैबिनेट से एक देश-एक चुनाव लागू करने के विधेयक को मंजूरी मिल गई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। इसमें कहा गया है कि अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। सितंबर में सरकार ने इसके लिए बनाई गई हाईलेवल कमेटी की सिफारिशों को मंजूरी दी थी, जिसमें लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों को चरणबद्ध तरीके से एक साथ कराने का प्रस्ताव था। सिफारिशों के अनुसार पहला बिल संविधान के अनुच्छेद 82 में संशोधन करेगा, जिससे लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सके। इस बिल को लागू करने के लिए राज्यों से सहमति की जरूरत नहीं होगी, लेकिन अगर स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ करने का प्रस्ताव आता है, तो उसे कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों की विधानसभाओं से मंजूरी की आवश्यकता होगी। कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रिपोर्ट सौंप चुके वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।

# सोरोस मुद्दे पर गतिरोध कायम, टीएमसी की मांग- बांग्लादेश मामले पर बयान दें पीएम



**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

संसद में आज भी शोर शराबा जारी रहा। हालांकि शोर शराबे के बीच ही लोकसभा में कुछ कार्यवाही देखने को मिली। लेकिन राज्यसभा में आज भी व्यवस्था पूरी तरीके से ठप रही। कल से लोकसभा में संविधान दिवस पर चर्चा की शुरुआत होगी। इसको लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने आज मांग की कि प्रधानमंत्री को बांग्लादेश के मुद्दे पर संसद में बयान देना चाहिए। सरकार ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए पर्यटन मंत्रालय कई प्रयास कर रहा है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 44,143 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च के लिए संसद की मंजूरी मांगी। विभिन्न दलों के सांसदों ने देश में आपदाओं से निपटने के लिए स्थायी समाधान निकालने की जरूरत पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को सरकार से मांग की कि आपदा प्रबंधन के लिए राज्यों को अधिक मदद प्रदान की जाए। लोकसभा में 'आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024' पर चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी के रामशिरोमणि वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास बाढ़ प्रबंधन से निपटने के लिए धन नहीं रहता और इस तरह की आपदाओं से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। द्रमुक सांसद एम कनिमोई ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इसे सदन में लाने से पहले राज्यों से विचार-विमर्श और परामर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को आपदा प्रबंधन को अधिक गंभीरता से लेना होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारत का रिकॉर्ड इतना 'गंदा' है कि उन्हें विश्व सम्मेलनों में मुंह छिपाना पड़ता है।

### यस बैंक के कार्यकारी निदेशक के पद पर मनीष जैन की नियुक्ति की मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** यस बैंक ने आज कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन साल की अवधि के लिए बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री मनीष जैन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने कहा कि केन्द्रीय बैंक ने कल यह मंजूरी दी थी। यह नियुक्ति बैंक की नेतृत्व टीम को और मजबूत करती है क्योंकि यह अपने रणनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाना जारी रखता है। श्री जैन 2023 में होलसेल बैंकिंग समूह के कंट्री हेड के रूप में येस बैंक में शामिल हुए। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने होलसेल बैंकिंग व्यवसाय को बढ़ाने, विकास को गति देने और प्रमुख क्षेत्रों में ग्राहक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रणनीतिक पहलों ने लाभप्रदता में सुधार, परिचालन दक्षता को आगे बढ़ाने और कॉर्पोरेट सेगमेंट में यस बैंक को एक पसंदीदा बैंकिंग भागीदार के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# छत्तीसगढ़ में जवानों का बड़ा एक्शन, 7 नक्सलियों को किया ढेर

### सीएम बोले, सुरक्षा बलों को सलाम



**जगदलपुर, एजेंसी।**

बस्तर में अमित शाह के दौरे से पहले अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया है। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। अभी भी दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। चार जिले के एक हजार से ज्यादा जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। इनमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की टीम शामिल है। बता दें कि, 1 जनवरी से अब तक 215 नक्सली मारे गए हैं। विजय शर्मा ने पुलिस-नक्सली मुठभेड़ पर बयान दिया कि, कांग्रेस कार्यकाल के दौरान पिछले 5 सालों में जितने नक्सली मारे गए थे, उससे ज्यादा केवल साल भर में 220 नक्सली भाजपा की सरकार के दौरान मार गिराया गया है। 15 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर के दौरे पर रहेंगे। शाह के बस्तर दौरे से पहले फोर्स एक्टिव हो गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि माड़ इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर करीब 1 हजार से ज्यादा जवानों को ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। इसी बीच, गुरुवार तड़के सुबह 3 बजे जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। बस्तर द्गत्न सुंदरराज पी ने कहा कि, जवानों से संपर्क कर रहे हैं जो भी जानकारी मिलेगी दी जाएगी। इससे पहले बीजापुर में बुधवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। जवानों ने एक माओवादी को ढेर कर दिया। वहीं, नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमें डीआरजी के 2 जवान घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया। हालांकि, दोनों की स्थिति ठीक है। मामला जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र का है। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर ग्रेहाउंड्स फोर्स ने महिला नक्सली समेत 7 नक्सलियों को मार गिराया।

#### नक्सलियों ने बीजेपी नेता समेत 5 लोगों को मारा

दो दिन पहले बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बीजेपी नेता की हत्या कर दी थी। मांडो राम कुड़ियाम को घर से उठाकर जंगल ले गए और गला घोंट कर मार डाला। नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाया है। सप्ताहभर के अंदर 3 भाजपा नेता, आंगनबाड़ी सहायिका और ग्रामीण महिला समेत 5 लोगों को नक्सलियों ने हत्या की है।

### सड़क हादसों पर बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

# मैं अपना चेहरा छिपाने की कोशिश करता हूं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी हैं और चीजों में सुधार के लिए मानव व्यवहार में बदलाव होना चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जब उन्होंने पहली बार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था तो उन्होंने दुर्घटनाओं को 50त्न तक कम करने का लक्ष्य रखा था। गडकरी ने कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के बारे में भूल जाइए, मुझे यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि इसमें वृद्धि हुई है। नितिन गडकरी ने आगे कहा कि जब मैं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने जाता हूं जहां सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा होती है, तो मैं अपना चेहरा छिपाने की कोशिश करता हूं। मंत्री, जो प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, ने कहा कि चीजों में सुधार के लिए, भारत में मानव व्यवहार को बदलना होगा, समाज को बदलना होगा और कानून के शासन का सम्मान करना होगा। गडकरी ने कहा कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.78 लाख लोगों की जान जाती है और 60 प्रतिशत पीड़ित 18-34 वर्ष की आयु के होते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 23,000 से अधिक लोग (या सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों का 13.7 प्रतिशत) लोग मारे गए हैं, इसके बाद तमिलनाडु में 18,000 से अधिक (10.6 प्रतिशत) मौतें हुई हैं।

### सागरिका घोष ने किरेन रिजिजू के खिलाफ पेश किया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ एक विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश किया, जिसमें उन पर संसद में विपक्षी सदस्यों का बार-बार अपमान करके अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया। घोष ने संसदीय कार्य मंत्री के रूप में रिजिजू की भूमिका की आलोचना करते हुए कहा कि संसदीय कार्यवाही के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मैं केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाई हूं। वह संसदीय कार्य मंत्री हैं और संसद सत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। सागरिका घोष ने आगे कहा कि लेकिन हम देख रहे हैं कि वह लगातार विपक्ष का अपमान कर रहे हैं। वह विपक्ष का अपमान करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं।

# सोरोस और सोनिया के मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है कांग्रेस : नड्डा



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राज्यसभा में सदन के नेता और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अमेरिका के विवादास्पद निवेशक जॉर्ज सोरेस और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद श्री नड्डा ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि सदन में लोकतंत्र की मर्यादा का सवाल उठाने वाली कांग्रेस ने समय-समय पर प्रजातांत्रिक प्रणालियों को ताक पर रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुंह से संसदीय प्रणालियों की चर्चा करना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणालियों की बात करने वाली कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता संसद भवन परिसर में राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री की घटना की वीडियोग्राफी करते हैं और अन्य सदस्यों को इसके लिए उकसाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे तो ऐसा लगा जैसे मुझे कॉलेज के दिन याद आए। जब कॉलेज में यूनिवर्सिटी के बाहर कॉलेज के लड़के जैसे करते हैं उसी तरीके की हरकत संसद के परिसर में नेता विपक्ष करते हैं और श्रीमती सोनिया गांधी जी एक शब्द नहीं बोलती । उन्होंने कहा कि इससे संसदीय परंपराओं की मर्यादा गिरती है और संसदीय परंपराओं को चोट लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य श्रीमती गांधी और जॉर्ज सोरस के संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाना है। उन्होंने कहा कि सब यह जानना चाहते हैं कि श्रीमती गांधी का ऐसे व्यक्ति से क्या संबंध है जो व्यक्ति हमारे देश को अस्थिर करना चाहता है और मुसीबत में डालना चाहता है।

# मुर्मु ने नेपाली सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल का मानद रैंक प्रदान किया



**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत की यात्रा पर आये नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगदेल को गुरूवार को भारतीय सेना के जनरल का मानक रैंक प्रदान किया। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार जनरल सिगदेल को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में यह रैंक प्रदान किया गया। भारत और नेपाल लंबे समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार एक दूसरे के सेना प्रमुख को जनरल का रैंक प्रदान करते रहे हैं। नेपाल के राष्ट्रपति ने भी हाल ही में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाली सेना के जनरल का मानद रैंक प्रदान किया था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना है।

# विदेशी फंडिंग केस : भीड़ ने मुफ्ती को एनआईए से छुड़ाया

### छापे के बाद मस्जिद से अनाउंसमेंट, महिलाओं ने टीम को घेरा, झांसी की घटना

**झांसी, एजेंसी।**



उत्तर प्रदेश के झांसी में शहर काजी के भतीजे मुफ्ती खालिद नदवी को उग्र भीड़ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत से छुड़ाकर ले गई। एनआईए ने यूपी एटीएस के साथ विदेशी फंडिंग मामले में बुधवार रात 2.30 बजे सुपर कॉलोनी में मुफ्ती के घर छापा मारा। टीम ने 8 घंटे तक घर में तलाशी और पूछताछ की। गुरुवार सुबह जब मुफ्ती को हिरासत में लेकर टीम घर से बाहर निकलने लगी तो समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया। टीम ने समझाने की कोशिश की, लेकिन मुफ्ती के समर्थक बहस करने करते हुए उग्र हो गए। देखते ही देखते वहां 200 से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई, इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। भीड़ मुफ्ती को छुड़ाकर ले जाने लगी। एनआईए ने लोगों को खदेड़ने की कोशिश की। इस बीच झड़प और धक्का-मुक्की हुई। लोग मुफ्ती को खींचकर साथ ले गए। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अलीगोल खिड़की के पास सलीम बाग की है। इस दौरान हंगामा कर रहे लोगों और परिवार के लोगों को समझाया, फिर सभी माने। पुलिस को इसमें 3 घंटे का वक्त लग गया। जिस सुपर कॉलोनी में मुफ्ती का घर है, वह इलाका मुस्लिम बहुल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनआईए टीम जब मुफ्ती को लेकर जाने लगी तो मस्जिद से अनाउंसमेंट करके भीड़ को बुलाया गया। इसके बाद अचानक बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंच गईं। एनआईए की हिरासत से छुड़ाकर भीड़ मुफ्ती खालिद को उनके घर से 50 मीटर दूर बनी फातिमा मस्जिद में ले गई।

### विरोध | निजीकरण विरोधी दिवस मनाएंगे बिजली कर्मी, कहा-

# पावर कार्पोरेशन प्रबंधन बना रहा औद्योगिक अशांति का माहौल

#### निजी से ज्यादा फायदा फिर भी निजीकरण क्यों?

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से वर्ष 2023- 24 में प्रति यूनिट 4.47 रुपया मिल रहा है जबकि निजी क्षेत्र की टोरेंट कंपनी से आगरा शहर में पावर कारपोरेशन को मात्र 4.36 रुपए प्रति यूनिट मिला है। यह आंकड़े साफ तौर पर बता रहे हैं की ग्रामीण क्षेत्र और चंबल के बीहड़ रहते हुए भी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से पावर कारपोरेशन को अधिक पैसा मिल रहा है।



**लखनऊ, संवाददाता।**

यूपी में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी और अभियंता 13 दिसंबर को निजीकरण विरोधी दिवस मनाएंगे। कार्यालय समय के उपरांत समस्त जनपदों, परियोजनाओं एवं राजधानी लखनऊ में सभा करेंगे। संघर्ष समिति का आरोप है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन अनावश्यक तौर पर निजीकरण का निर्णय लेकर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण बना दिया है। बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक बिजली व्यवस्था बेहतर बनाने में लगे हुए थे, लेकिन अब प्रबंधन इसे पटरी से उतार देने पर तुला हुआ है।

#### बिना मूल्यांकन जमीन सौंपने का आरोप

समिति के पदाधिकारियों का आरोप है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की अरबों रुपए की बेशक कीमती जमीन किस आधार पर मात्र एक रुपए में निजी घरानों को सौंप दी जाएंगी। यह जनता की परिसंपत्ति है। इसके अतिरिक्त अरबों खरबों रुपए की परिसंपत्तियों और कार्यालयों को बिना परिसंपत्तियों का मूल्यांकन किए किस आधार पर और कितने रुपए में निजी कंपनी को बेचने की तैयारी है ? इन सब बातों से बिजली कर्मचारी और उपभोक्ता बहुत अधिक परेशान और उद्वेलित है। इसीलिए शांति पूर्ण ढंग से ध्यानाकर्षण कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# संपादकीय

## नशे के खिलाफ कदम

देश में नासूर बनते नशे के खिलाफअभियान में यदि 114 वर्षीय धावक फौजा सिंह प्रेरक पदयात्रा कर सकते हैं तो ऊर्जावान युवा-बुजुर्ग क्यों नहीं। 'नशा मुक्त-रंगला पंजाब' अभियान के अंतर्गत निकाले गए नशा विरोधी मार्च में मंगलवार को मैराथन धावक फौजा सिंह के साथ ही पंजाब के राज्यपाल अस्सी वर्षीय गुलाब चंद कटारिया की आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा सुर्खियों में रही। निश्चित रूप से पंजाब सरकार की पहल अनुकरणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी बड़ा सामाजिक बदलाव का आंदोलन व्यापक जन भागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। आज पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में युवा पीढ़ी जिस भयावह तरीके से नशे के दलदल में धंसती जा रही है, वह राष्ट्र के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसका मुकाबला सरकारों के साथ आम आदमी के जुड़ाव से ही संभव है। निश्चित रूप से ऐसी पदयात्रा सिर्फराजनीतिक निहितार्थों और प्रतीकात्मक रूप से आयोजित नहीं होनी चाहिए। ऐसे अभियान को आंदोलन का रूप देकर इस तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही इस तरह के अभियानों से हासिल उपलब्धियों का मूल्यांकन भी जरूरी है। निस्संदेह, औपचारिकताओं के निर्वहन और मीडिया में सुर्खियां बटोरना ऐसे आंदोलन का लक्ष्य तो कदापि नहीं हो सकता। राज्यपाल महोदय का यह कथन सोलह आने सच है कि इस मुद्दे पर बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही महिलाओं की इस आंदोलन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, नशे के नश्तर से महिलाओं को मर्मांतक पीड़ा सहन करनी पड़ती है। अब चाहे पति हो या बेटा, नशे की लत लगने से पूरा परिवार ही संकट में आ जाता है। इसमें दो राय नहीं कि जब पंजाब की नारी शक्ति एकजुट होकर इस मुहिम का नेतृत्व करेगी तो पंजाब अपने स्वर्णिम दिनों की ओर लौट सकता है। निश्चित रूप से किसी राज्य या देश की जवानी का नशे के सैलाब में डूबना राष्ट्रीय क्षति ही है। इसके लिये नशे की आपूर्ति रोकने से लेकर प्रयोग तक पर नियंत्रण की राष्ट्रव्यापी मुहिम की जरूरत है। निस्संदेह, नशे के तेजी से बढ़ते शिकंजे से न केवल असामयिक मौतों, लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ता है, बल्कि समाज में अपराधों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। देखने में आया है कि बड़े अपराधों से लेकर चोरी छीनाझपटी की घटनाओं के मूल में नशाखोरी की भूमिका होती है। कई आपराधिक घटनाओं के मूल में उन कालेज जाने वाले छात्रों की भूमिका पायी गई है, जो नशे के लिये पैसा जुटाने के लिये अपराध की अंधी गलियों में उतर जाते हैं। यह जानते हुए भी यह रास्ता उनके जीवन को बर्बादी की राह पर ले जाता है। निश्चित रूप से समाज विज्ञानियों को भी व्यापक अध्ययन करना चाहिए कि क्यों नई पीढ़ी नशे की ओर तेजी से उन्मुख हो रही है। एक समय था कि पंजाब में आतंक फैलाने के खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये सीमा पार से नशे की बड़ी खेप पंजाब भेजी जाती रही है। चरमपंथियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिये भी इस षड्यंत्र को सुनियोजित तरीके पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों ने अंजाम दिया। हाल के दिनों में बीएसएफने पाकिस्तान की सीमा से लगते भारतीय इलाकों में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगायी है। निश्चित रूप से पहले कदम के रूप में सीमाओं को नशे की तस्करी से निरापद बनाने की जरूरत है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल उन काली भेड़ों को भी बेनकाब करने की जरूरत है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही नशे से पीड़ितों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिये नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक उपचार देने की भी जरूरत है। निश्चित रूप से नशा पंजाब के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिसके खिलाफसाझा लड़ाई से ही हम कामयाब हो सकते हैं। सही मायनों में यह स्थिति इस संवेदनशील सीमांत राज्य के लिये ही चुनौती नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संकट की भी आहट है। केंद्रीय एजेंसियों व पंजाब के शासन-प्रशासन को मिलकर नशे के समूल नाश के लिये व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

## 'इंडिया' तीसरे मोर्चे की ओर

विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन में अजीब विरोधाभास हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर 'इंडिया' के लगभग सभी प्रमुख घटक-दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इन दलों के करीब 70 राज्यसभा सांसद दस्तखत कर चुके हैं। यह अविश्वास प्रस्ताव 'प्रतीकात्मक' साबित होगा, क्योंकि उच्च सदन में ही कमोबेश 119 सांसदों का समर्थन अनिवार्य है। यदि राज्यसभा में प्रस्ताव पारित हो भी जाता है, तो लोकसभा में भी उसकी पुष्टि संवैधानिक तौर पर अनिवार्य है। लोकसभा में 'इंडिया' के 234 सांसद ही हैं, जबकि सामान्य बहुमत के लिए कमोबेश 272 सांसदों का समर्थन अपेक्षित है। यह 234 का आंकड़ा तभी संभव है, जब 'इंडिया' एकजुट रहे, लेकिन उसके बिखराव के कारण कई हैं। शरद पवार और लालू यादव सरीखे विपक्ष के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं ने मांग की है कि 'इंडिया' का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी को सौंपा जाए। हालांकि बंगाल के बाहर ममता बनर्जी 'राजनीतिक शून्य' हैं, लेकिन कांग्रेस-विरोधी विपक्षी नेताओं का मानना है कि यदि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का नेतृत्व करती हैं, तो वह एक निश्चित विचार और रणनीति दे सकती हैं। कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह भूमिका निभाने में नाकाम रहे हैं। राज्यसभा में भी नेता प्रतिपक्ष खडगे कांग्रेस अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस के दोनों ही नेता संसद के भीतर की रणनीति तय करने और समूचे विपक्ष का विश्वास हासिल करने में असमर्थ रहे हैं। उनकी रणनीति अडाणी तक ही सिमटी है। अधिकतर विपक्षी नेता अडाणी-विरोध की राजनीति के खिलाफ हैं। राहुल गांधी 2014 से ही एक ही मुद्दे से चिपके हैं। कांग्रेस लगातार तीन लोकसभा चुनाव हारी है और अधिकतर विधानसभा चुनावों में भी विपक्ष को हार झेलनी पड़ी है। इस सोच के विपक्षी नेता याद दिलाते हैं कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री-काल के दौरान वीपी सिंह 'बोफोर्स तोप सौदा घोटाले' को ही उठाते रहे। हालांकि तब उन्हें 'राष्ट्रीय मोर्चे' और 'वाममोर्चे' का समर्थन हासिल था। भाजपा भी समर्थन दे रही थी। उस राष्ट्रीय, राजनीतिक अभियान के बावजूद कांग्रेस लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। यह दीगर है कि राजीव गांधी विपक्ष की सरकार बनाने के पक्ष में थे। नतीजतन वीपी सिंह प्रधानमंत्री बने, लेकिन उनका कार्यकाल एक साल से भी कम समय का रहा। फिर चंद्रशेखर मात्र 4 माह के प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रपति ने उन्हें आम चुनाव तक 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' बनाए रखा। 'इंडिया' गठबंधन की नियति 1996 के तीसरे मोर्चे (संयुक्त मोर्चा) की ओर बढ़ती लग रही है। हालांकि उस दौर के देवगौड़ा, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, देवीलाल (अब चौटाला का विभाजित परिवार), प्रकाश सिंह बादल (अब दिवंगत) सरीखे कद्दावर नेताओं के दल या तो भाजपा नेतृत्व के एनडीए में हैं अथवा राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुके हैं। 1996 के दौर में ही जो ताकत वाममोर्चे की थी, वह आज क्षीण हो रही है। बंगाल के दुर्ग पर मई, 2011 से ममता बनर्जी का संवैधानिक कब्जा है। तीसरे मोर्चे की संभावनाएं इसलिए जताई जा रही हैं, क्योंकि 'इंडिया' में सपा, तृणमूल कांग्रेस, राजद, एनसीपी (शरद), शिवसेना (उद्धव) आदि घटक दल 'कांग्रेसहीन राजनीति' के पक्षधर हैं अथवा बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) भी कांग्रेस-विरोधी मानसिकता में है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव करीब ही हैं। 'आप' और कांग्रेस दोनों एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। यह कैसा गठबंधन है कि 'एम' फैक्टर की राजनीति के लिए एकजुट होने का ढोंग और शेष राजनीति के लिए अलग-थलगज्? कांग्रेस के साथ द्रमुक ही प्रमुख पार्टी है। सीपीआई, सीपीएम कांग्रेस के साथ भी हैं, लेकिन केरल जैसे राज्य में उसके 'प्रतिद्वंद्वी दल' भी हैं। बहरहाल इंडिया गठबंधन में मतैक्य की जरूरत है।

# संसद को ठप करती सरकार



> "दुनिया भर के संसदीय इतिहास में सम्भवतरू ऐसा उदाहरण ढूंढे से भी नहीं मिलेगा जो भारतीय संसद पेश कर रहा है"

दुनिया भर के संसदीय इतिहास में सम्भवतरू ऐसा उदाहरण ढूंढे से भी नहीं मिलेगा जो भारतीय संसद पेश कर रही है। अमूमन सरकारें संसद को चलाती हैं और गतिरोध विपक्ष पैदा करता है। देश में इसके उलट हो रहा है। यह नरेन्द्र मोदी सरकार की देन है। यह उनका तीसरा कार्यकाल है लेकिन यह प्रवृत्ति और संसद के दोनों सदनों को चलाने का तरीका उनके नेतृत्व में बनी सरकारों ने पहले ही कार्यकाल से अख्तियार कर लिया था। विपक्ष को कुचलने के लिये जानी जाने वाली भाजपा सरकार ने लोकसभा में कमजोर विपक्ष देखकर पहले से ही ठान लिया था कि विरोधी आवाज को सदनों के बाहर भी कुचला जायेगा, भीतर भी, हर जगह...। ऐलानिया तौर पर पहले श्कांग्रेस मुक्त भारतश् और बाद में श्विपक्ष मुक्त भारतश् का नारा देने वाले मोदी और भाजपा ने संसद के बाहर येन केन प्रकारेण कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष को या तो चुनावों में हराया या फिर उनकी निर्वाचित सरकारों को ललचाकर या डरा-धमकाकर गिराया। साथ ही दूसरी पार्टियों के नेताओं को दल में आयात किया। इसके समांतर सदन के भीतर विरोधी पार्टियों के सदस्यों को अपनी बात न कहने देने के लिये संख्या बल के जरिये भाजपा ने सारे हथकण्डे हथियाये, जिसमें से उसका लोकप्रिय हथियार है सदन को ही ठप करना। यहीं पर भारतीय संसद दुनिया भर की अन्य संसदों से अलग हो जाती है- एकदम अनूठी। इस साल की जून के पहले सप्ताह में निकले लोकसभा चुनावों के नतीजों के जरिये तीसरी बार यानी मौजूदा सरकार बनाने में मोदी-भाजपा को कामयाबी मिल तो गयी लेकिन विपक्ष बेहद मजबूत हो कर लौटा। ये अप्रत्याशित नतीजे थे जिसने मोदी को दो अन्य दलों के समर्थन से सरकार बनाने के लिये मजबूर कर दिया। ये नतीजे मोदी पर अनेकानेक आरोपों की छाया में लड़े गये लोकसभा चुनाव के थे। इनमें प्रमुख थे- संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की भाजपायी साजिश, जातिगत जनगणना, कारोबारी गौतम अदाणी को मोदी द्वारा अंधाधुंध लाभ पहुंचाना, मणिपुर में हिंसा व कुकी समुदाय पर अत्याचार, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सहित निर्वाचन आयोग का पक्षपातपूर्ण रवैया, इलेक्टोरल बॉड्स के जरिये भाजपा को लाभ आदि। इनमें से कई मामले ऐसे थे जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सितम्बर 2022 से जनवरी 2023 तक (कन्याकुमारी से कश्मीर) और जनवरी 2024 से मार्च तक (मणिपुर से मुम्बई) निकलीं क्रमशरू श्भारत जोड़ो यात्राश् तथा श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश् के दौरान जोरदार ढंग से उठाये जा चुके थे। पिछले लोकसभा चुनाव के प्रचार के पहले इंडिया गठबन्धन बन चुका था जिसने इन सारे मुद्दों को एक जनविमर्श का रूप दिया। यह तो सही है कि मोदी-भाजपा ने इन मुद्दों के बावजूद विजय पायी लेकिन माना गया कि इन्हीं मसलों ने भाजपा के 400 पार के मंसूबों पर पानी फेर दिया। यह भी सच है कि इन मुद्दों को लेकर विपक्ष, खासकर कांग्रेस ने जो हमले भाजपा और मोदी पर किये उसी का परिणाम रहा कि मोदी तेलुगु देसम पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड की बैसाखियों पर जा टिके।

कमजोर होकर संसद में आये तीसरी मर्तबा के पीएम मोदी का इस बार सामना अपेक्षाकृत बड़े, मजबूत व अब तक एकजुट विपक्षी गठबन्धन से हो रहा है। इंडिया ने कहानी वहीं से शुरू की जहां उसने लोकसभा के चुनावी अभियान के अंतिम दिन यानी प्रचार बन्द होने की शाम को छोड़ी थी। पहले की दोनों लोकसभाओं (2014 एवं 2019 की) में भाजपा बेहद ताकतवर थी, विशेषकर इसकी पूर्ववर्ती। इसलिये 10 वर्षों तक मोदी की दिलचस्पी कम से कम उतनी देर तक संसद के सदनों को चलाये रखने में होती थी जितनी देर वे विपक्ष की आलोचना कर सकें, कांग्रेस के पूर्ववर्ती शासनकाल की खामियां गिना सकें, नेहरू खानदान का अपमान कर सकें और अपने आप को अकेले ही सब पर भारी बतला सकें। अब लोकसभा का चेहरा दूसरा है। इसलिये अब भाजपा का लक्ष्य होता है कि संसद थोड़ी देर भी न चले। संसद की बैठकें प्रारम्भ होने पर जैसे ही प्रतिपक्ष अदानी के मुद्दे को लेकर हमलावर होता हैय क्योंकि यह इस वक्त सबसे बड़ा मुद्दा है, सत्ता बेंच का नियोजित खेल होने लगता है। हिंडनबर्ग की दो-दो रिपोर्टों में अदानी एवं उनके भाइयों की कारगुजारियों की बहुतेरी गाथाएं सामने आने के बाद हाल ही में सेबी अध्यक्ष माधवी बुच पर उंगलियां उठने से विपक्ष पहले दिन से आक्रामक है और इस बाबत गहन जांच संयुक्त संसदीय समिति द्वारा कराये जाने की मांग पर अड़ा हुआ है। ऐसे में लोकसभा में सरकार का बचाव सदन के अध्यक्ष ओम बिरला कर रहे हैं तो राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़। दोनों ने ही अदानी का नाम लेने पर अपने-अपने सदनों में पूरी पाबंदी लगा रखी है। लोकसभा हो या राज्यसभा- अदानी या रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी का नाम लेते ही उन वाक्यांशों को कार्यवाही से हटा दिया जाता है और सदस्यों को बोलने नहीं दिया जाता। बिरला-धनखड़ ने अदानी के नाम पर पिछली लोकसभा में कई दर्जन सदस्यों को निलम्बित कर दिया था। बिरला को इसका पुरस्कार दोबारा अध्यक्ष बनाकर दिया गया तो वहीं धनखड़ जो पदेन उप राष्ट्रपति हैं, एक पायदान ऊपर चढ़कर देश का सर्वोच्च पद पाने को लालायित हैं। इसलिये वे राज्यसभा में अदानी का नाम लेने से विरोधी सदस्यों को मना करते हैं पर जॉर्ज सोरोस का भाजपायी सदस्यों द्वारा उल्लेख करने से उन्हें गुरेज नहीं है। उनके खिलाफ इसलिये नाराज विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है।

# फिलीस्तीनी राजदूत की प्रियंका गांधी से मुलाकात के मायने

सर्वमित्रा सुरजन

बुधवार को फिलीस्तीन के राजदूत आबेद एलराजेग अबू जाजेर ने वायनाड से नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी को उनकी जीत पर बधाई दी। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस मुलाकात की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें फिलीस्तीनी राजदूत और प्रियंका गांधी एक तस्वीर को थामे हुए हैं, जिसमें फिलीस्तीनी नेता यासिर अराफात और इंदिरा गांधी नजर आ रहे हैं। देश में इस वक्त उठे सियासी बवाल और कांग्रेस को कमजोर साबित करने की कोशिश के बीच यह एक सुखद और भरोसा जगाने वाली खबर सामने आई है। अमूमन विदेशी राजदूतों की मुलाकात केन्द्रीय मंत्रियों, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या अन्य पदाधिकारियों आदि से होती है, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है कि किसी के सांसद निर्वाचित होने पर किसी देश के राजदूत खुद बधाई देने पहुंचे। मगर प्रियंका गांधी को बधाई देने के तार इतिहास, वर्तमान और भविष्य तीनों से जुड़े हैं। फिलीस्तीन इस वक्त इजरायल के हमलों का शिकार होकर तबाह हो चुका है। युद्ध विराम की कोई सूरत वहां नहीं बन रही है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास को खत्म करने की कसम में मासूम बच्चों को मारने से भी बाज नहीं आ रहे। जिस तरह कंस अपने प्राणों की रक्षा के लिए देवकी के नवजात बच्चों को पटक कर मार देता था, ठीक वैसा ही काम इस समय फिलीस्तीन में किया जा रहा है और दुनिया के ताकतवर नेता कहलाने का घमंड करने वाले लोग मुंह में दही जमा कर बैठे हैं। लेकिन प्रियंका गांधी लगातार इजरायल का खुल कर विरोध कर रही हैं। राजदूत अबू जाजेर से भी उन्होंने कहा कि मैं हर उस मां के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं जिसने अपना बच्चा खोया है। वहीं फिलीस्तीनी राजदूत ने भी फिलीस्तीन अधिकारों को मजबूत करने की पहल में भारत के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। इस मुलाकात में इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को भी याद किया गया। फिलीस्तीन राजदूत का यूं प्रियंका गांधी को बधाई देने पहुंचने का अर्थ है कि फिलीस्तीन भविष्य में भी कांग्रेस की भूमिका को रेखांकित कर रहा है। ये और बात है कि मौजूदा निजाम में भाजपा के नेताओं के लिए इजरायल आदर्श बना हुआ है। असम में शहीद दिवस के एक कार्यक्रम में सोनितपुर पहुंचे मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि श्ऐतिहासिक रूप से हमारी सीमाएं बांग्लादेश, म्यांमार और पश्चिम बंगाल के साथ साझा होती हैं। हम (असमिया लोग) 12 जिलों में अल्पसंख्यक हैं। हमें इजरायल जैसे देशों के इतिहास से सीखना होगा कि कैसे ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और अदम्य साहस के साथ, दुश्मनों से घिरे होने के बावजूद भी यह एक मजबूत देश बन गया है। तभी हम एक जाति (समुदाय) के रूप में जीवित रह सकते हैं।श् इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि असम आंदोलन असमिया लोगों की पहचान की रक्षा के लिए था। लेकिन हमें यह स्वीकार करना होगा कि खतरा खत्म नहीं हुआ है। हर दिन, जनसांख्यिकी बदल रही है, हर दिन स्वदेशी लोग भूमि अधिकार खो रहे हैं। गौरतलब है कि असमिया समाज की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए 1979 से 1985 तक असम आंदोलन चला था, जो 15 अगस्त 1985 को केंद्र सरकार के साथ हुए एक समझौते के साथ खत्म हुआ, इसे असम समझौते के तौर पर जाना जाता है। असम के मुख्यमंत्री अब उसी आंदोलन की याद फिर से जनता को दिलाते हुए आगाह कर रहे हैं कि खतरा खत्म नहीं हुआ है और इसमें वे जिस तरह इजरायल का उदाहरण पेश कर रहे हैं, उससे जाहिर होता है कि वे शांति के महत्व को नकार रहे हैं।

देश देख रहा है कि मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच शुरु हुए हिंसक संघर्ष में किस तरह एक हंसता-बसता राज्य तबाह हो गया है। डेढ़ साल बाद भी वहां शांति की कोई सूरत नहीं बन रही। न ही केंद्र सरकार इसमें कोई जिम्मेदारी पूरी करती दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो हाल में ये कह दिया कि पूर्वोत्तर में इस समय अभूतपूर्व शांति है। शायद उन्हें मणिपुर दिख नहीं रहा, या उन्होंने अब उसे भारत का हिस्सा मानना ही छोड़ दिया है। मणिपुर को मोदी सरकार की विभाजनकारी नीति ने पूरी तरह झुलसा दिया है और अब भी भाजपा के नेता शांति की बात न कर भड़काने वाले बयान दे रहे हैं। हिमंता बिस्वासरमा ने बांग्लादेश, म्यांमार के साथ प.बंगाल का जिक्र करके सीधे दुश्मन से तुलना की, जो बताता है कि उनका विश्वास विभाजनकारी और युद्धोन्मादी राजनीति में है। अपने पड़ोसी देशों को सीधे दुश्मन करार देना क्या मोदी सरकार की नीति में भी है, यह स्पष्टीकरण केंद्र को देना चाहिए। क्योंकि प.बंगाल में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया, यह प्रदर्शन बांग्लादेश की सीमा से लगे बशीरहाट में हिंदू संगठनों ने आयोजित किया था। इसमें भाषण देते हुए सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि- श्हम बांग्लादेश पर निर्भर नहीं हैं। बांग्लादेश हम पर निर्भर हैश् अगर हम वहां 97 प्रोडक्ट्स नहीं भेजेंगे तो आपको चावल और कपड़े नहीं मिलेंगे। अगर हम झारखंड में पैदा हो रही बिजली बांग्लादेश नहीं भेजेंगे तो 80प्रश गांव में लाइट नहीं जलेगी।श् इतनी धमकी मानो पर्याप्त नहीं थी कि श्री अधिकारी बांग्लादेश पर सीधे युद्ध की चेतावनी ही दे दी, उन्होंने कहा कि श्हासीमारा में 40 राफेल एयरक्रॉफ्ट तैनात हैं। सिर्फ दो विमान भेजने से काम हो जाएगा। भारत की विदेशनीति हमेशा शांति को तरजीह देने की रही है। हमने कभी किसी पर खुद से हमला नहीं किया, लेकिन यहां भाजपा के एक विधायक सीधे पड़ोसी देश को हमले की धमकी दे रहे हैं, व्यापारिक संबंध खत्म करने की चेतावनी दे रहे हैं। तो मोदी सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय का जिम्मा जिन्हें सौंपा गया है, क्या उन्होंने सुवेंदु अधिकारी को इस तरह के वक्तव्य देने के लिए अधिकृत किया है, क्या भारत की विदेश और रक्षा नीति अब भाजपा की सुविधा के मुताबिक चलेगी। सुवेंदु अधिकारी ने तो बांग्लादेश की मोहम्मद युनूस सरकार को अवैध और तालिबानी बता दिया, साथ ही यह भी कहा कि शेख हसीना ही वहां की वैध प्रधानमंत्री हैं, वो ढाका लौटेंगी और मोहम्मद युनूस को उन्हें सैल्यूट करके रिसीव करना होगा।




**मेष**:- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**वृष**:- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

**मिथुन**:- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कर्क**:- विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंह**:- राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कन्या**:- भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें। परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**तुला**:- निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करें।

**वृश्चिक**:- अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनु**:- संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मकर**:- बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**कुंभ**:- नकारात्मक चिंताओ को त्यागें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। आवेश में किये गये निर्णय से कष्ट संभव। घरेलू जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**मीन**:- किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

# विवादास्पद हुआ अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अपने बेटे को क्षमादान देने का मामला

कल्याणी शंकर

पिछले सप्ताह, अमेरिका और दुनिया भर के लोग इस खबर से स्तब्ध थे कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडेन को क्षमादान दे दिया है। यह क्षमादान विवाद महत्वपूर्ण था। क्षमादान यह सुनिश्चित करता है कि हंटर को उसके कथित अपराधों के लिए सजा नहीं दी जायेगी और वह जेल नहीं जायेगा। उसके मामलों को संभालने वाले न्यायाधीश संभवतरू बंदूक मामले के लिए 12 दिसंबर और कर मामले के लिए 16 दिसंबर को निर्धारित सजा सुनवाई को रद्द कर देंगे। बाइडेन अब राष्ट्रपति कार्यालय के लिए राजनीतिक दौड़ में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने गत जून में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने से पहले अपने बेटे को क्षमा न करने की प्रतिज्ञा की थी। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति द्वारा क्षमादान ने अक्सर विवाद को जन्म दिया है। हालांकि, कुछ निर्णय- जैसे कि राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा अपने बेटे को क्षमादान देना- दूसरों की तुलना में अधिक आलोचना का कारण बने। संवैधानिक रूप से, राष्ट्रपति क्षमादान दे सकते हैं, एक ऐसी शक्ति जिसका उपयोग पिछले राष्ट्रपतियों ने किया है। परंपरागत रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति पद छोड़ते समय क्षमादान देते हैं। हालांकि, जो बाइडेन द्वारा अपने बेटे को पूर्ण और बिना शर्त क्षमादान देने से इस मुद्दे में जटिलता और सार्वजनिक जांच की एक परत जुड़ गयी है, एक ऐतिहासिक संदर्भ जिसे जनता के लिए समझना महत्वपूर्ण है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जो बाइडेन ने ऐसा क्यों किया। जो बाइडेन ने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया है। उन्होंने महत्वपूर्ण व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना किया है। वह अपने बेटे को बचाने और सार्वजनिक आलोचना के बीच फंस गये थे। हर कोई जानता है कि वह अपने परिवार के प्रति वफादार है। उनकी छोटी बेटी और पहली पत्नी की एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गयी, जिसमें उनके बेटे ब्यू और हंटर भी घायल हो गये थे। बाइडेन चाहते थे कि ब्यू चुनाव लड़े, लेकिन दुर्भाग्य से ब्यू की 2015 में ब्रेन कैंसर से मृत्यु हो गयी। बाइडेन परिवार के संघर्षों पर इस फोकस का उद्देश्य जनता से सहानुभूति पैदा करना है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, बाइडेन की दूसरी पत्नी ने जो को अंतिम निर्णय लेने के लिए राजी किया। राष्ट्रपति की क्षमा के प्रति जनता की प्रतिक्रिया आलोचनात्मक और सहायक दोनों है। जबकि कुछ लोग इसे उचित मानते हैं, अन्य इसे उचित नहीं मानते। जनता की ओर से, साथ ही बाइडेन के पार्टी सहयोगियों की ओर से यह मिश्रित प्रतिक्रिया, इस मुद्दे को और जटिल बनाती है।

दोनों दलों के राष्ट्रपतियों ने अपनी क्षमा शक्ति का इस्तेमाल किया है, जिसने लोगों को चौंका दिया है। जॉर्ज वाशिंगटन ने कुछ लोगों को क्षमा करने के लिए शक्ति का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति अक्सर अपने मित्रों और सहयोगियों के लिए अपनी क्षमा शक्ति का इस्तेमाल करते हैं। एक विवादास्पद मामला पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का था, जिन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति गेराल्ड फोर्ड ने 8 सितंबर, 1974 को क्षमा कर दिया था। निक्सन को वाटरगेट घोटाले के लिए संभावित अभियोजन का सामना करना पड़ा। 1992 के अंत में, राष्ट्रपति जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश ने ईरान-कॉन्ट्रा मामले में फंसे छह लोगों को क्षमा कर दिया, जिनमें पूर्व रक्षा सचिव वेनबर्गर भी शामिल थे।बिल क्लिंटन, जिन्होंने यह कहने के बावजूद कि वह ऐसा नहीं करेंगे, अपने सौतेले भाई रोजर को कोकीन सम्बंधी आरोपों के लिए क्षमा कर दिया। इसी तरह, डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दामाद जेरेडकुशनर के पिता को कर चोरी और सहयोगी गवाह के खिलाफप्रतिशोध के लिए माफकर दिया। दोनों पहले ही अपनी जेल की सजा काट चुके थे। अपने पहले कार्यकाल के उत्तरार्ध के दौरान, ट्रम्प ने कई ऐसे व्यक्तियों को माफी दी जो गलत कामों में लिप्त थे। राहत महसूस कर रहे हंटर ने एक बयान में कहा, श्मैंने अपनी लत के सबसे बुरे दिनों के दौरान अपनी गलतियों को स्वीकार किया है और उनकी जिम्मेदारी ली है - ऐसी गलतियां जिनका इस्तेमाल मुझे और मेरे परिवार को राजनीतिक खेल के लिए सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और शर्मिंदा करने के लिए किया गया है। हंटर बाइडेन के खिलाफ मामला कई वर्षों तक चला, जिसमें कर अपराधों और बंदूक की तस्करी के आरोप शामिल थे। उन्हें जून में दोषी ठहराया गया और सितंबर में कर चोरी के लिए दोषी ठहराया गया।

बाइडेन ने कहा कि- हंटर पर चुनिंदा और अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया गया और बताया कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। क्षमा का तत्काल प्रभाव यह है कि इससे डेमोक्रेट के लिए ट्रम्प की आलोचना करना कठिन हो जाता है। साथ ही, इसने ट्रम्प को 6 जनवरी की घटनाओं के लिए आरोपित लोगों को क्षमा करने का मौका दिया है। शुरुआत में हंटर को क्षमा न करने की घोषणा करने के बाद बाइडेन के मन में आये बदलाव के अपने कारण थे। उनमें से एक उनकी पत्नी थी, जिन्होंने बाइडेन को ऐसा करने के लिए राजी किया। उन्होंने कहा कि हंटर को केवल इसलिए चुना गया क्योंकि हंटर उनका बेटा था। राष्ट्रपति बाइडेन ने 25 व्यक्तियों को क्षमा किया है, जिनमें से कोई भी सीधे तौर पर उनसे जुड़ा नहीं है। आम तौर पर, राष्ट्रपति अपने कार्यकाल के अंत में कई क्षमा अनुरोधों को मंजूरी देते हैं। फिर भी, क्षमा राष्ट्रपति पद पर जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचाती है। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 20 जनवरी, 2001 को अपने कार्यकाल के अंतिम दिन 140 क्षमादानों पर हस्ताक्षर किये। कई विधिनिर्माता भविष्य के लिए संभावित खराब मिसाल के बारे में चिंतित हैं। समस्या को हल करने का एक तरीका संविधान में संशोधन करना हो सकता है। फिर भी, यह एक लंबी प्रक्रिया है, और किसी भी पार्टी के पास कांग्रेस में इसे पारित करने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है।

## दुकानदार को बिस्कुट के पैसे मांगना पड़ा महंगा,असलहा दिखाकर जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर में एक दुकानदार को बिस्कुट के पैसे मांगना महंगा पड़ गया। नतीजा यह कि बिस्किट खरीदने वाले युवकों ने पैसे मांगने पर असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग निकले। सरोजनीनगर के गौरी निवासी अजय कुमार के मुताबिक उनकी सोनी कोल्ड ड्रिंक शॉप नाम से स्कूटर इंडिया चौराहे के पास दुकान है। अजय का कहना है कि मंगलवार रात करीब 10:50 बजे वह अपने दोस्त दुकानदार मुकेश और कृष्णा के साथ दुकान पर खड़े थे। तभी स्प्लेंडर बाइक (यूपी 32 केएच 0890) से 2 अज्ञात युवक वहां पहुंचे और अजय से बिस्किट मांगे। अजय का आरोप है कि बिस्किट देने के बाद जब अजय ने उनसे पैसे मांगे तो उन्होंने छोटा सा हथियार जैसा निकाल कर उनके ऊपर तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी में से एक ने अपना नाम विशाल सिंह चौहान बताया और वहां से भाग निकले। इस मामले में अजय ने बुधवार रात करीब साढे 10 बजे सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों का पता लगा रही है।

## शराब के नशे में धुत होकर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा के सैदपुर पुरही निवासी वीरेंद्र कुमार ने गांव के ही रंजीत कुमार और सुधीर के खिलाफ शराब के नशे में धुत होकर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीरेंद्र का कहना है कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे वह छत पर बैठा था। तभी उसके चाचा से रंजीत कुमार की पैसे के लेनदेन को लेकर कहा सुनी हो रही थी। जिस पर वीरेंद्र ने दोनों लोगों को समझा बुझाकर अपने-अपने घर भेज दिया। वीरेंद्र का कहना है कि इसके कुछ देर बाद शराब के नशे में धुत रंजीत व सुधीर उसके घर पहुंचे और बिना किसी बातचीत के सुधीर ने उसके हाथ पकड़ कर जमीन पर गिरा दिया। आरोप है कि इसका फायदा उठाते हुए रंजीत ने वीरेंद्र के गुप्तांग पर ईंट से वार कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आई है। उसका कहना है कि उसने ट्रामा सेंटर में इसकी जांच कराई। आरोप लगाया कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बहन से प्रेम प्रसंग के चलते दोस्तों ने की थी युवक की हत्या

➲ हत्या के 24 घंटे में ही अमेठी पुलिस ने किया मामले का खुलासा ➲ तमंचे का फायर मिस होने पर गला दबाकर की गई हत्या

**अमेठी।** जनपद के जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर मठिया कल्याणपुर गांव में युवक संजीव मिश्रा की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोस्त आदित्य मिश्रा ने ही अपने साथी विशाल के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। हत्या की वजह बहन से बातचीत को लेकर गुस्सा बताया गया है।घटना के खुलासे के लिए एसपी ने एसओजी और पुलिस की टीमों को लगाया था। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य आरोपी आदित्य मिश्रा कल्याणपुर मोड़ के पास मौजूद है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल तमंचा और एक खोखा बरामद हुआ है।आदित्य ने पुलिस को बताया कि



मृतक संजीव मिश्रा और वह डिवाइन किंडर प्ले स्कूल का संचालन करते थे। संजीव आदित्य की बहन से बातचीत करता था,जिससे आदित्य को बदनामी महसूस हो रही थी। गुस्से में उसने संजीव को रास्ते से हटाने की ठान ली।घटना वाले दिन आदित्य ने संजीव के साथ शराब पी और शादी में शामिल होने चला गया। वहां आदित्य की मुलाकात उसके पुराने दोस्त विशाल से हुई। दोनों ने मिलकर हत्या की योजना बनाई।योजना के तहत आदित्य ने संजीव को बाइक पर बैठाया और शिवपुर गांव के पास संग्राम सिंह के स्कूल के नजदीक पहुंचा। यहां तीनों ने फिर से शराब पी। आदित्य ने विशाल को बाइक से उतारकर संजीव को आगे ले गया। रास्ते में आदित्य ने संजीव पर तमंचे से गोली चलाई, लेकिन निशाना चूक गया। जिसपर संजीव ने भागने की कोशिश की, लेकिन आदित्य ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसने तमंचे की बट से संजीव के चेहरे और गर्दन पर हमला किया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आदित्य ने तमंचा झाड़ियों में छुपाया और शादी में वापस लौट गया।अमेठी एसपी अनूप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया हत्या की वजह निजी दुश्मनी और बहन से बातचीत को लेकर गुस्सा थी। जिसके कारण हत्या का अपराध किया गया।

## घर के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में मारपीट, दोनों की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा के खाण्डे देव गांव में घर के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। इस मामले में एक ने चाकू से हमला कर घायल करने की, जबकि दूसरे ने गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा के खाण्डे देव गांव निवासी जितेंद्र लोधी के मुताबिक वह और उसका भाई नारेंद्र अपनी पत्नी रंजना के साथ थोड़ी-थोड़ी दूर पर गांव में रहते हैं। जितेंद्र का कहना है कि घर के बंटवारे को लेकर मंगलवार देर शाम नारेंद्र और रंजना हमें अपने दरवाजे पर गालियां देते हुए आवेश में आ गए। मैंने विरोध किया तो आरोपियों ने एकजुट होकर बेरहमी से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह बचाया। मारपीट में मेरे सिर पर गंभीर चोटे आई हैं। जबकि नारेंद्र के मुताबिक वह जब काम से वापस घर आया तो जितेंद्र उर्फ मधु शराब पीकर उसके ताऊ बुद्धा लाल के साथ गाली गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। आरोप है कि नारेंद्र और उसकी पत्नी रंजना ने विरोध किया तो जितेंद्र और उसके दूसरे भाई महेंद्र उर्फ जंगली ने नारेंद्र व उसकी पत्नी और बहन सुमन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से नारेंद्र की पत्नी घायल हो गई। आरोप है कि जितेंद्र और महेंद्र आए दिन ताऊ की जायदाद को लेकर झगड़ा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। फिलहाल बंथरा पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## उत्पीड़न को लेकर नाराज वकीलों ने किया धरना प्रदर्शन

➲ लालगंज तहसील में उदयपुर पुलिस के खिलाफ जमकर गरजे वकील
➲ आंदोलन तेज करने की दी गई चेतावनी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता के खिलाफ क्रास केस को लेकर बुधवार को यहां वकीलो का आक्रोश तेज दिखा। एसओ उदयपुर के निलंबन को लेकर भी अधिवक्ता आक्रोशित दिखे। एसडीएम से वार्ता से असंतुष्ट अधिवक्ताओ ने एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उदयपुर के पूरे जियन तिवारी का पुरवा निवासी अधिवक्ता अंकुर त्रिपाठी के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। इससे वकील पिछले सोमवार से कामकाज के बहिष्कार पर हैं। बुधवार को भी वकीलो ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का निर्णय लिया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के साथ वकीलों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने एसडीएम नैनसी सिंह से चेंबर में अधिवक्तओं की समस्याओं को लेकर सुबह वार्ता की। वार्ता से असंतुष्ट वकील अध्यक्ष संदीप के नेतृत्व में कोर्ट के सामने पोर्टिको मे धरने पर बैठ गये। इस बीच वकीलों की घंटो प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी होती दिखी। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, गया प्रसाद मिश्र ने उदयपुर एसओ के खिलाफ कार्रवाई न होने को प्रशासन की हठवादिता कहा। सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू ने किया। धरना स्थल पर हुई आमसभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र, रोशन सरोज, दीपेन्द्र तिवारी, शहजाद अंसारी, विनय शुक्ल, सिंटू मिश्र, राजेश्वर यादव, ने एसओ उदयपुर के निलंबन न होने तक संघर्ष को तेज किये जाने का ऐलान किया। इस मौके पर धीरेन्द्र मिश्र, शिवरंजन यादव, कौशलकिशोर शुक्ल, जितेन्द्र कनौजिया, राजेश तिवारी, अभिषेक शुक्ला, तपन पाण्डेय, राकेश शुक्ला, रामछबीले यादव, संजय सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## दीवार गिरने से राज मिस्त्री हुआ गंभीर रूप से घायल



**म्योरपुर, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आरंगपानी गांव में बुधवार को मकान निर्माण के दौरान दीवार गिरने से उसमें दबकर एक राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।बताया गया कि बभनी थाना क्षेत्र के नधीरा निवासी रामचंद्र (42)पुत्र नान्हक बुधवार को आरंगपानी गांव में मकान निर्माण के दौरान एक पुरानी दीवार तोड़ रहा था। तभी बगल में खड़ी एक और दीवार उसके ऊपर आकर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर पी एन सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## व्यवसायी को धमकी देने के मामले में सिगरा पुलिस ने दबंग को किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** शहर के जाने माने व्यवसायी अमित को धमका ने के मामले में सिगरा पुलिस को मिली सफलता दबंग हिमांशु को.आंध्रा पुल के एक मीट की दुकान के समीप से किया गिरफतार कोतवाल संजय मिश्रा चौकी इनचार्ज पंकज पांडे ने किया अरेस्ट भेजा जेल।सिगरा थाना अंतर्गत मलदहिया पर वाराणसी के सिगरा स्टेडियम के समीप के एक बड़े व्यापारी साड़ी के रेकी कर गाड़ी रोक कर अमित को।पूछने लगे और और अनाप शनाप बोलने लगे धमकी दिए व्यापारी को और व्यवसायी नहीं मिले तो उनके पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात और अन्य स्टाफ को गालियाँ दी और धमकी दिए जिससे व्यापारी समाज में उबाल नाराजगी देखने को मिला और व्यापारी समाज सी पी साहब से शिकायत किए और लिखित तहरीर दिए जिससे पुलिस ने जाच करने के बाद दर्ज किया मुक़दमा ..साड़ी कारोबारी के ना मिलने पर पुलिस को ही धमकी दे डाली...ड्राइवर और सरकारी गनर को दी गई जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित हिमांशु यादव को इंसपेक्टर सिगरा



संजय मिश्रा ने.किया गिरफ्तार ,हिमांशु के पक्ष से दर्जनों अधिवक्ता सिगरा थाने पर पहुंचे और काफी प्रयास किए छुड़ाने के लेकिन पुलिस के आगे उनकी नहीं चली कारण की मुकदमा घटना के दूसरे दिन दर्ज था लेकिन हिमांशु यादव मुक़दमे से नहीं था परेशान लगता है रंगदारी जैसे अपराध का मुक़दमा था गंभीर। गुरुबाग निवासी एक प्रतिष्ठित व्यापारी की वाराणसी में कई नामी साड़ी प्रतिष्ठान है जो कुछ दिन पहले रात्रि में कैंट क्षेत्र में एक कई व्यापारी होटल में व्यापारिक की एक पार्टी थी और उसी में व्यापार के लिये मीटिंग भी हुई। मीटिंग समाप्ति होने पर अपने घर.पर होटल व्यवसाई मित्र के साथ घर आ रहे थे साड़ी व्यापारी कोअंध्रा पुल के पास खड़ी एक स्कॉर्पियो जो कि पीछे से कई दिन से पीछे कर रही थी मलदहिया पर ओवरटेक करते हुए साड़ी व्यापारी की गाड़ी की रोक दी संयोग से जिस गाड़ी को रोका गया उस गाड़ी में व्यापारी का गनर और ड्राइवर थे स्कॉर्पियो से उतरे लोगों ने असलहा निकालकर गाड़ी में साड़ी व्यापारी को ढूंढने लगे जब पता चला कि वह दूसरी गाड़ी में है तो ड्राइवर और सरकारी गनर को धमकी देते हुए कहा कि अगर आज वह मिल जाता तो उसे गोली मार देते हैं और उन्हें धमकी देते हुए वह निकल गए जिसकी फुटेज वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी है जिसके बाद साड़ी व्यापारी की तहरीर पर सोना तालाब निवासी एक दबंग के पुत्र हिमांशु यादव और अज्ञात के खिलाफ सिगरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था मुक़दमा अज्ञात की तलाश जारी चर्चा के अनुसार हिमांशु यादव के कई और भी मामले है मुक़दमा लिख ने के बाद अपना नंबर बंद किए थे लेकिन पुलिस पीछे लगी थी ..पुलिस कर्मी को धमकी देना पड़ा भारी यादव हो इसलिए छोड़ रहा हू।

## भाजपा पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी

➲ मुख्यमंत्री से लगाई मदद की गुहार



**चित्रकूट, ब्यूरो।** मऊ-मानिकपुर पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने बताया कि उनकी व उनके परिजनों की हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक ऑडियो क्लिप जारी किया है। जिसमें कथित तौर पर उनकी हत्या की योजना का जिक्र है। आनंद शुक्ला ने इस मामले में कहा कि जो लोग राजनीति से खत्म नहीं कर पा रहे हैं, वे अब जान से खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। ये ऑडियो पिछले महीने नवंबर में एक कार्यकर्ता से मिला था। सीएम योगी आदित्यनाथ व उप्र के पुलिस महानिदेशक को इस मामले में पत्र व ऑडियो सौंपा था। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने इसे सार्वजनिक करना जरूरी समझा। ऑडियो क्लिप में उनकी हत्या की बात की जा रही है। उन्हें राजनीति से हटाने के लिए जान से मारने की योजना बनाई गई है। कहा कि वह डरने या झुकने वाले नहीं हैं। इस बयान से क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। जनता व कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### एएसपी ने शान्ति-सुरक्षा बाबत लिया जायजा

**चित्रकूट, ब्यूरो।** एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में सीओ लाइन अरविंद कुमार वर्मा, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में शान्ति-सुरक्षा कायम करने को शहर में ट्रैफिक चौराहा, बस स्टैंड, पुरानी कोतवाली के मिश्रित आबादी क्षेत्र व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण किया। दुकानदारों, व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गश्त दौरान पुलिस टीम ने शराब दुकान, दो-चार पहिया वाहन व संदिग्ध लोगों की जांच की।

## उन्मुखीकरण संगोष्ठी में ग्राम प्रधान एवं शिक्षकों को ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया गया सम्मानित



**भदैया- सुलतानपुर।** ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर बुधवार को ब्लाक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की संगोष्ठी में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ! आपरेशन कायाकल्प के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को शाल व प्रशस्ति पत्र तथा निपुण विद्यालय बनाने व बच्चों के सर्वांगीण विकास में अच्छे कार्य करने वाले प्रधानध्यापकों को प्रशस्ति पत्र और राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया ! खण्ड विकास अधिकारी पंकज कुमार गौतम व बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा स्वास्थ्य अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया ! ग्राम प्रधान और अन्य जन प्रतिनिधियों को बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में एआरपी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने अपने उद्बोधन कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, उनके सर्वांगीण विकास में शिक्षक और समाज दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ! खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधानों से अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तिकरण व बच्चों को शत प्रतिशत निपुण बनाने में सहयोग देने की अपेक्षा की । इस अवसर पर अभियाकला के बच्चों ने सरस्वती वंदना व भरसारे इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों ने बेलकम शांग ,पढ़बा लिखबा तो बनबा नबाब ,खेलत जो रहिबा धूल में गीतों से लोगों का मनमोह लिया ! एडीओ पंचायत सतीश चंद्र श्रीवास्तव की व्यवस्था सराहनीय रही!

### खनन अधिकारी ने पांच लोगों के खिलाफ अवैध खनन करने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। खनन अधिकारी लखनऊ दिनेश कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को बंथरा थाने में पांच लोगों के खिलाफ अवैध खनन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। खनन अधिकारी दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत मिली कि बंथरा के मिर्जापुर गांव में मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इस शिकायत पर खनन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा 11 दिसंबर बुधवार को संयुक्त रूप से जांच की गई। जहां स्थलीय जांच में मिर्जापुर गांव के गाटा संख्या 1228 में मिट्टी का खनन किया पाया गया। खनन अधिकारी के मुताबिक जिस गाटा संख्या 1228 में खनन किया गया, वह जमीन अभिलेखों में मिर्जापुर निवासी अमरनाथ, अशोक कुमार, बृजेश कुमार व सुभाष चंद्र के नाम दर्ज है। गाटा संख्या 1228 में हुए मिट्टी खनन की नाप जोख की गई तो 33 मी., 20 मी, 1.6 मी, 38 मी., 15 मी, 1.6 मी, 80 मी, 60 मी. व 1.6 मी. सहित कुल 9648 घन मीटर मिट्टी का खनन होना पाया गया।

## बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारना शिविर का उद्देश्य: अभय महाजन

➲ 14 संकुल केन्द्रों में लगे बाल शिविर



**चित्रकूट, ब्यूरो।** दीनदयाल शोध संस्थान बाल मित्रों द्वारा आयोजित गांव स्तर पर एक माह से बाल शिविर का आयोजन कर रहा है। शिविर का उद्देश्य गांव के बच्चों को डम्बल, लेजिम, ताइक्वाइंडो, गीत, पीटी की छिपी प्रतिभा का आंकलन कर उसका समुचित विकास करना है। जिले के 14 संकुल केन्द्रों पर बाल शिविर लगाये गये। गोदावरी संकुल का बाल शिविर पालदेव गांव में नवीन सरस्वती ज्ञान सागर पौसलहा विद्यालय में हुआ। गोदावरी संकुल के 19 गांवों के 82 बच्चों ने शिविर में हिस्स लिया। योग व्यायाम, पीटी की बच्चों ने प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्य अतिथि अभय महाजन व विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत चित्रकूट अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल की अध्यक्ष में शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में हरदौली, चनहट, डढ़िया के बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें 21 बालक, 46 बालिकायें शामिल रहीं। शारीरिक, बौद्धिक विकास को बाल शिविर से बच्चों ने विभिन्न आयामों को हंसते-खेलते सरलता से सीखा। शिविर संयोजक जितेन्द्र सिंह श्रीमती बबिता सिंह संचालन अमन सिंह ने किया। गांव में अलग-अलग आयोजित बाल शिविर में दीवार लेखन जागरूकता को स्वच्छता, तुलसी पौधा, गीत अभ्यास, योग, प्राणायाम, खेल, व्यायाम, पीटी, पिरामिड, नियुद्ध, डम्बल, प्रभातफेरी निकालना आदि सम्पन्न कराई जा रही है।

# जन जन के विकास से ही होगा भारत मजबूत: वेद प्रकाश

**सकलडीहा, चंदौली।** विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर के जनपद प्रतिनिधि वेद प्रकाश राय उर्फ गुड्डू द्वारा प्रत्येक गावों का दौरा कर सरकारी स्तर पर मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं के बाबत ग्रामीणों से जानकारी लिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को आधा दर्जन चहानिया विकासखंड के गांव का दौरा किया गया और ग्रामीणों से भेंट कर मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के बाबत जानकारी लिया गया। इस दौरान बताया कि एमएलसी श्री राजभर का सख्त निर्देश है कि हर ग्रामीणों को सरकारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके लिए हर गांव में पहुंच कर ग्रामीणों से रूबरू होना जरूरी है। जो भी समस्याएं आ रही है। उसका निस्तारण संबंधित



अधिकारियों से मिलकर कराया जाना आवश्यक है। जिस क्षेत्र में ज्यादा मामले हैं उन्हें न्याय पंचायत स्तर पर अधिकारियों की खुली बैठक कर अपनी अध्यक्षता में कराये। विगत दिनों चहानिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी कई आशाओं की समस्या का मामला आया था। जिसपर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से मिलकर निस्तारण कराया जा रहा है। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, आरो, बीबीएम, बीसी पीएम, एचओ आदि उपस्थित रहे।

## पढाई की उम्र में कबाड बीनने को मजबूर बच्चे



**मानिकपुर/चित्रकूट, ब्यूरो।** मानिकपुर तहसील में बच्चों का बचपन कचरे के ढेर में दबता नजर आ रहा है। शिक्षा की उम्र में जहां इनके हाथों में किताबें होनी चाहिए, वहां कचरे की बोरियां हैं। ये मासूम बच्चे गलियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास कबाड़ तलाशते हुए देखे जा सकते हैं। जब इन बच्चों से पूछा गया कि वे स्कूल क्यों नहीं जाते, तो उन्होंने आर्थिक तंगी व सरकारी स्कूलों की जानकारी न होने का हवाला दिया। उनका पूरा दिन दो वक्त की रोटी का इंतजाम करने में गुजर जाता है। पढ़ाई उनके लिए एक सपना बनकर रह गई है।

शासन-प्रशासन की लापरवाही इन बच्चों के भविष्य पर भारी पड़ रही है। पेट की भूख मिटाने के संघर्ष में ये बच्चे शिक्षा और बचपन दोनों से वंचित हो रहे हैं। इनके लिए न कोई सरकारी योजनाओं की जानकारी है और न ही उन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पढ़ाई-लिखाई का अधिकार केवल कागजों में सिमटकर रह गया है, जबकि इन बच्चों की जिंदगी कचरे की ढेर में गुजर रही है। सरकार और समाज के प्रयासों के बिना इन बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर आता है। जरुरत है कि शासन-प्रशासन इनकी समस्याओं को गंभीरता से ले और इनके बचपन को वापस लाने के लिए ठोस कदम उठायें।

# मूक अभिनय एक शक्तिशाली कला रूप है: प्राचार्य आशा


राजकीय महाविद्यालय अदलहाट में छात्राओं ने मूक अभिनय का किया प्रदर्शन




**अदलहाट,मिर्जापुर।** लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में बुधवार को छात्राओं ने मूक अभिनय का प्रदर्शन किया।जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत,मोबाइल के दुष्प्रभाव,नारी शक्ति एवं भारत का खुशहाल किसान विषय पर अपने अभिनय को प्रस्तुत कर समाज को लड़ने का संदेश दिया। जिसमें शिवानी ग्रुप ने अपने शानदार अभिनय से प्रथम स्थान,नित्या त्रिपाठी द्वितीय व प्रियंका,नेहा,हर्षिता ग्रुप तृतीय विजेता बनी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आशा ने कहा कि मूक अभिनय एक शक्तिशाली कला रूप है जो बिना किसी शब्द का उपयोग किए हुए आपके दिल को छू सकती है। आज मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव के कारण लोग मंचों के कार्यकलापों को भूल रहे हैं।ढाई इंच की मोबाइल स्क्रीन कलाकृति के साथ न्याय नहीं कर सकती।यदि आप गीत, संगीत या नाटक देखना चाहते हैं तो आपको सभागार में जाना होगा।संचालन संयोजिका डॉ0 प्रेम सुंदरी ने किया।इस अवसर पर डॉ0 प्रेमलता, प्रो0 गोमतेश्वर पाल, डॉ0 प्रदीप कुमार मिश्रा,डॉ0 अंजु सोनकर,डॉ0 राजकुमार सिंह, डॉ0 प्रणव कुमार गौरव,डॉ0 रितेश कुमार सिंह,डॉ0 आनंद प्रकाश,डॉ0 मनीष चंद्र,डॉ0 पूजा यादव,डॉ0 रानी राय,डॉ0 गनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में छिपी हैं अनेकों प्रतिभाएं,जिम्मेदारों के सार्थक प्रयास से उनमें आ सकता है निखार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। अभी बीते दिनों जिले की आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत प्राचीन सूर्यकुण्ड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में सम्पन्न हुए कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव के अन्तर्गत हुए स्थानीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में स्थानीय कवियों के काव्य पाठ करने के बाद स्पष्ट हुआ क्षेत्र में अनेकों प्रतिभाएं छिपी हुई है जिम्मेदारों के अंश मात्र सार्थक प्रयास से उनमें निखार आना सम्भव है। स्थानीय प्रतिभा अब तक उभर कर सामने ना आ पाना जिम्मेदारों की उदासीनता का द्योतक है। समय-समय पर जिम्मेदार यदि ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते रहें तो यह प्रतिभाएं मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हैं। आपको बताते चलें की हरगांव का कार्तिक पूर्णिमा मेला कभी विख्यात होता था देहात क्षेत्र के लोग इस मेले से अपनी बिटिया की शादी गौना में देने के लिए बड़ी तादाद में मसेहरी कालीन आदि की खरीदारी करते थे हालांकि अब यहां परम्परा समाप्त हो जाने के कारण दुकानों का आना भी बंद हो गया।दो दशक से अधिक समय से गठित नगर पंचायत में अभी बीते दो वर्षों से रामलीला के सजे रंग मंच पर स्थानीय कवियों को बुलाकर उनका काव्य पाठ कराया गया। इस कवि सम्मेलन के दौरान अनेकों छिपी प्रतिभाएं निखर कर सामने आईं और उन लोगों ने मेलार्थियों सहित आम जन मानस को अपना काव्य पाठ परोस कर काव्य धारा से सराबोर कर दिया। इसी श्रृंखला में आए स्थानीय कवियों में उमा शंकर शुक्ल अनुपम एक लाख बशर तुर्तीपुर एवं राजेश सिंह तोमर फिरोज पुर मंच पर मौजूद रहे। स्थानीय कवियों में किसी ने श्रृंगार पर तो किसी ने अंगार पर तो किसी ने सरकार पर भड़ास निकाल कर अपनी अपनी रचनाओं से श्रोताओं में आनंद भरा। इन्हीं कवियों के बीच मौजूद राजेश सिंह तोमर ने मजदूर और किसानों की दुर्दशा सहित उनके विकास पर शासन के जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित करते हुए अपनी रचना श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत की तो उनकी की रचना सुनकर मेरा भी मन प्रफुल्लित हुआ। साथ ही यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि स्थानीय कवि सम्मेलन में जिस तरह छोटे-छोटे कवियों में भी पाठ करने की जिज्ञासा बन गई है यदि इसी तरह स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए तो क्षेत्र में अनेकों प्रतिभाएं निकल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित कर सकती हैं बस ऐसी प्रतिभाओं को सम्मान की आवश्यकता है। इस मौके पर स्थानीय कवि राजेश सिंह तोमर ने कहा कि अब तक स्थानीय कवियों को प्रतिभा करने का अवसर ही नहीं मिलता था अब बीते दो वर्षों से काव्य पाठ करने का मौका मिला तो मेरी स्तर से टूटी फूटी रचना परोसी गई। काश यदि स्थानीय जिम्मेदारों द्वारा ध्यान दिया गया होता तो इस मंच पर अच्छे-अच्छे कवि सजे होते। तोमर की बात सुनकर कुछ दिन तक मेरी लेखनी सोचती रही और अन्त में विबस होकर आज राजेश सिंह तोमर ही नहीं अन्य कवियों के लिए लिखने को मेरी कलम मजबूर हुई। तोमर ने सुनाया 卐गैंती फ़रु हक करउ परचार,जंग लगई न खुरुपी कुदार,चलई नित कन्नी वसूली खूब, धुआं चूल्हन से निकरई खूब, मिलई मजदूरी एक समान, होई विकसित तब हिन्दुस्तान।ऐसी रचनाएं सुन कर श्रोता गण गदगद हो गए। क्षेत्र के लोगों ने जिम्मेदारों से मांग की है इस क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए उन्हें अवश्य प्रोत्साहित किया जाए जिससे उनमें निखार आ सके और वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित कर सकें।

# एडीएम के नेतृत्व में टीम ने किया वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम ने नया बाजार से धनसार चौक तक सड़क का निरीक्षण किया। इस संदर्भ में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने बताया कि बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मती के लिए फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों का आवागमन बंद किया जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के तौर पर आज अधिकारियों की टीम के साथ सड़क का निरीक्षण किया गया। टीम ने नया बाजार से बैंक मोड़, बैंक मोड़ से धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर वाले मार्ग, बरमसिया मोड़, डेमियन सोशल वेलफेयर मोड़ तक मार्ग का निरीक्षण किया। वहां से पुन: टीम ने मनईटांड होते हुए हावड़ा मोटर चौराहे से शक्ति पथ होते हुए धनसार चौक तक वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों के सुगम आवागमन के लिए विचार विमर्श किया।निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा,अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता ओम प्रकाश, कनीय अभियंता नसीम अख्तर, नगर निगम के सिटी मैनेजर विशाल कुमार सिन्हा, फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार तथा ठेकेदार संजय गोटीवाले सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शाहमहोली चौकी के उप निरीक्षक ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र अन्तर्गत चौकी शाह महोली में तैनात उप निरीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय शाहमहोली के लगभग दो सैकड़ा बच्चों के साथ अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका स्मृति अवस्थी के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र दे कर जन्म दिवस की बधाई दी गयी। बताते चलें कोतवाली देहात क्षेत्र की चौकी शाहमहोली में तैनात उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र यादव ने अपना जन्मदिन शाहमहोली के प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में मौजूद बच्चों को कॉपी कलम रबर पेंसिल आदि दे कर केक खिला कर मुंह मीठा कराते हुए मन लगा कर पढ़ने व भविष्य में देश की सेवा करने के लिए प्ररित किया। जिसके चलते बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## अधिशाषी अधिकारी,कर्मचारियों एवं सभासद ने मुक्तिधाम परिसर में किया वृक्षारोपण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अन्तर्गत वार्ड जहांगीराबाद के मुक्तिधाम में अधिशाषी अधिकारी ने सभासद के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर समस्त नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत के वार्ड जहांगीराबाद के मुक्तिधाम में गुरुदेवनगर वार्ड के सभासद ऋषभ गुप्ता ने अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।सहयोगी के तौर पर सभासद उमेश जायसवाल,सुमित मिश्रा, सभासद प्रतिनिधि हरगांव गंज सचिन मिश्र,पूर्व सभासद जितेंद्र गौतम मौजूद रहे। इस अवसर पर राम प्रकाश अवस्थी,धनवान यादव,कमल किशोर यादव, आशुतोष सिंह,नगर पंचायत कर्मचारी अहिबरन लाल, विनोद बाल्मीकि,ललित गुप्ता,प्रदीप बाल्मीकि आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## जर्जर मार्ग को गड्ढा मुक्त कराएं जाने की मांग

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। जिले के कस्बा लहरपुर से बिसवां जाने वाले मुख्य मार्ग से राजस्व जनक राजा टोडरमल द्वारा बसाए गए ग्राम राजापुर तक जाने वाला मार्ग प्रशासनिक उपेक्षा के चलते आज भी बदहाल हालत में है जिस पर वाहन तो क्या पैदल भी चलना मुश्किल हो रहा है। ज्ञातव्य है कि इस मार्ग पर क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्यालय , कारखाने,ईंटभट्ठे,प्लाईवुड भी स्थित हैं जिस पर काम करने के लिए जाने वाले श्रमिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है यही नहीं राजा टोडरमल द्वारा बसाया गया ग्राम राजापुर, प्रसिद्ध तीर्थ व मन्दिर भी इसी मार्ग पर स्थित है। इसी मार्ग से भारी संख्या में छात्र छात्राएं विद्या अध्ययन को जाते हैं।इसके अलावा उक्त मार्ग क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर,तन्ना पुर,भेलावां आदि आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है, मार्ग बदहाल होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में सड़कों पर बन चुके बड़े-बड़े गड्ढों के चलते उस पर चलना दुश्वार है।आए दिन दो पहिया वाहन, साइकिल चालक गिरकर चोटिल होते रहते हैं। अभी बीते दिनों नगर का एक फेरी करने वाला नसीम नामक युवक खराब सड़क के चलते साइकिल का चिमटा टूट जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के ग्रामीण विक्की निगम,सचिन कश्यप, फुरकान,बलविंदर सिंह, अनिल कुमार,मनोज कुमार दिलीप,सुखविंदर सिंह आदि ने उक्त मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने की मांग की है।

## विधायक रागिनी सिंह ने राज्य बढ़ रहे आपराधिक मामले पर रोक हेतु विधानसभा में आवाज उठाई

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**




झरिया/रांची। विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने विधानसभा के पहले सत्र में गुरुवार को झरिया समेत पूरे राज्य में बढ़ रहे अपराध का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। अपराधी खुले आम अपराध को अंजाम दे रहे है जिससे महिलाओं, व्यवसाइयों और आम जनों पर अत्याचार बढ़ गया है। इसको को लेकर सरकार गंभीरता से कदम उठाए। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झारखंड की सबसे प्रमुख समस्या अपराध है। व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है। महिलाओं और युवतियों का शोषण हो रहा है। हत्याएं हो रही है। धमकी दी जा रही है। अपराध के कारण आम लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि महिलाओं को मईया सम्मान योजना के लिए लंबी कतार में खड़ा होना पड़ रहा है जिससे महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही इस योजना का लाभ सभी महिलाओं को नहीं मिल पा रही है जो जांच का विषय है इसके साथ ही बुजुर्गों की पेंशन योजना विगत कई माह से बंद है इसे जल्द से जल्द पुनः शुरू कराई जाए और सरकार इन सभी विषयों को गंभीरता से ले।

## पीपे वाले पुल की जगह नए पुल का निर्माण जल्द

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। ठाकुरगंज के गौघाट और मेहदी घाट स्थित पीपे वाला पुल, जो फैजुल्लागंज पहुंचने में अहम भूमिका निभाता है, अपनी जर्जर स्थिति के कारण स्थानीय जनता के लिए समस्या बना हुआ है। इन परेशानियों को देखते हुए योगी सरकार ने नए पुल के निर्माण का निर्णय लिया है। गुरुवार को लखनऊ के कुड़िया घाट और पीपे वाले पुल का महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह और विधायक डॉ. नीरज वोरा ने निरीक्षण किया। इस दौरान ज़ोन 6 के ज़ोनल अधिकारी, नगर अभियंता, पार्षद रणजीत सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत इस नए पक्के पुल का निर्माण जल्द शुरू होगा। तब तक जनता को आवागमन में किसी असुविधा से बचाने के लिए महापौर ने निर्देश दिए कि पुल पर आवश्यक मरम्मत और व्यवस्थाओं को तुरंत पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त, अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिन के अवसर पर कुड़िया घाट पर उनकी आदमकद मूर्ति स्थापित की जाएगी। महापौर ने इस संदर्भ में घाट का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।

# जिला शिक्षक अधीक्षक को छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में हो रही समस्याओं से कराया अवगत



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

धनबाद। मध्य विद्यालय खरिकाबाद के विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्रामीणों व ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय धनबाद में जिला शिक्षा अधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार से मिलकर मध्य विद्यालय खरिकाबाद के छात्र-छात्राओं के पठन - पाठन हो रही समस्याओं को अवगत कराया गया, उपस्थित बहनों द्वारा कहा गया कि विद्यालय में कुल छात्रों की संख्या 225 से अधिक है,कुल तीन शिक्षक कार्यरत है जिसमें एक प्रभारी प्रधानाध्यापक और दो शिक्षक वर्ग का संचालन करते है जिसके कारण पठन-पाठन के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा आश्वाशन दिया गया कि तत्काल एक शिक्षक विद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी तथा फरवरी-मार्च में सभी विद्यालयों शिक्षकों की कमी की पूर्ति कर दी जाएगी। इस अवसर पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के सचिव भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ भगत तथा विद्यालय परिवार के रूबी देवी,रिंकू देवी,राजकुमारी देवी,पूजा देवी,उमा देवी, ममता देवी, कविता देवी। गुड़िया देवी आदि लोग मौजूद थे।

## झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने विधायक रागिनी सिंह को किया सम्मानित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



झारखंड। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के गणमान्य पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को राँची क्रिकेट स्टेडियम में झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह को सम्मानित किया गया। जेएससीए क पदाधिकारियों ने झरिया विधायक रागिनी सिंह को पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारीगणों का आभार जताया। मौके पर मुख्य रूप से रंजीत सिंह, राजकुमार,पंकज सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह,एसबी सिंह, बिष्णु गुप्ता, आनंद सिंह,सौरव सिंह, संदीप कुमार सिंह, बबलू, सुनील कुमार, कमलेश कुमार सिंह,रवि प्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# राजनीति बनी प्राइवेट अस्पताल का काल

**● राजनैतिक इशारे पर बंद व खोले जाते हैं प्राइवेट हॉस्पिटल**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रिख क्षेत्र में राजनैतिक इशारे पर अस्पताल खोले व बंद किए जाते हैं। आपको बता दें लोकसभा चुनाव के बाद राजनैतिक इशारे पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक हॉस्पिटलों पर छापेमारी करते हैं जिसके बाद राजनैतिक संरक्षण के बाद फिर से उन्हीं अस्पतालों को खोला जाता है। बस शर्त यह होती है कि सभी गड़बड़ हो या सही जांच मेरे यहाँ से ही होगी।ज़बकि अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथोलॉजी में ना तो डॉक्टर है ना ही कोई एल टी हैँ भगवान भरोसे जांच कर रिपोर्टिंग की जाती है। क्षेत्र की जनता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली बार किसी जन प्रति निधि द्वारा ऐसा कृत किया जा रहा है अब सवाल यह खड़ा होता है कि जिस जनता ने जन प्रतिनिधि को अपनी वोट देकर जितवाते हैं अब उन्हीं के संरक्षण में जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।क्या इस समस्या का समाधान जिला अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास है यह सवाल आम जन मानस के बीच में बना हुआ है। प्राइवेट अस्पताल वाले भय के साए में जीवन यापन कर रहे हैं कि माननीय जी कब नाराज हो जाये तो अस्पताल कब बंद हो जाए यह कहा नहीं जा सकता।राजनैतिक क्रियाकलाप उन लोगों के लिए काल साबित हो रहा है।

# नहरों में नहीं है पानी तो कैसे हो खेतों की सिंचाई -आजाद अधिकार सेना




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्र ने ई-मेल के माध्यम से मुख्य मंत्री को सम्बोधित एक पत्र लिखकर मांग की है कि एक तरफ सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों को समय से पानी खाद फसलों का सरकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है बिचौलियों की पर्चियां आ रही है और छोटे काश्तकारों के खेतों का गन्ना सर्वे में रकबा छोड़ दिया गया है। मधवापुर के निवासी श्रीकांत तिवारी गद्दीपुर बहादुरपुर काशी राम नरेश नवल किशोर का रकबा ही छोड़ दिया गया है।माह दिसंबर आधा समाप्त होने को है पलेवा के समय भी नहरों में पानी नहीं मिल पाया जिससे महंगी सिंचाई से खेतों को सींचना पड़ा अब रवी फसलों की बुवाई होने के बाद प्रथम सिंचाई का समय आ गया परन्तु इस बार नहरों में पानी नहीं आया जिससे किसानों को प्राइवेट समरसेबुल वालों से खेतों की सिंचाई करानी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश सरकार को एक पत्र लिखकर मांग की गई है कि किसानों के रवी की फसलों की सिंचाई हेतु नहरों में अविलम्ब पानी छोड़ा जाए तथा सिल्ट सफाई में हुई देरी के लिए कौन जिम्मेदार है इसकी जांच कराई जाए दोषियों को दंडित किया जाए आज किसानों के साथ जो अन्याय हो रहा है उसमें जो भी दोषी हो उसको कड़ा दंड दिया जाए। गेहूं की फसलों की सिंचाई का समय हो चुका है परन्तु अभी तक सीतापुर की किसी नहर में पानी नहीं छोड़ा गया है। जिससे किसानों के खेतों की सिंचाई हो सके।समय से सिंचाई ना होने की दशा में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा सकती हैं।

## विभिन्न मांगों का एक विधायक रागिनी ने सीएम हेमंत को सौंपा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

झरिया रांची। समेत पूरे राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने



राज्य के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपते हुए उन्हें बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाए जाने की मांग की। वही बकाए बिजली बिल और बिजली बिल का टैरिफ बढ़ जाने से आमजनों को हो रही असुविधा से भी अवगत कराया जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर निष्पादन किए जाने की बात कही।

# टीबी अस्पताल का नया पीडिया वार्ड: बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

ठाकुरगंज। राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, ठाकुरगंज में बाल रोग के लिए नव सृजित वार्ड का उद्घाटन लखनऊ उत्तर के लोकप्रिय विधायक डॉ. नीरज बोरा द्वारा किया गया। इस एडवांस पीडियाट्रिक यूनिट का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। और यह अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण विकासात्मक कदम है। चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस पी सिंह ने बताया कि इस नवीनीकृत वार्ड में बच्चों के लिए चाइल्ड फ्रेंडली बेड्स, खेलने का क्षेत्र, ब्रेस्टफीडिंग जोन, चाइल्ड फ्रेंडली संगीत, एन बी एस यू यूनिट, पीडिया ओ पी डी, इम्यूनाइजेशन यूनिट और बाल रोग नर्सिंग स्टेशन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। यह नया वार्ड बच्चों की बेहतर देखभाल के साथ-साथ उनके परिवारों के लिए भी एक आदर्श स्वास्थ्य केंद्र साबित होगा। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने इस अवसर पर चिकित्सालय के विकास के लिए डॉ. एस पी सिंह को बधाई दी और कहा कि यह नवसृजित इकाई न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक होगी। बल्कि यह समाज में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगी। उन्होंने अस्पताल में बढ़ती सुविधाओं में अपनी भागीदारी देने का आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद चंद्र बहादुर सिंह, मनीष रस्तोगी, राम औतार कनौजिया, सर्वेश संघर्षी सहित अस्पताल स्टाफ और मीडिया कर्मी भी उपस्थित रहे। विधायक ने अस्पताल में शुरू हुए कम्प्यूटरीकृत ओ पी डी पर्चा, मेडिकोलीगल रिपोर्टिंग, एडवांस ई एन टी सर्जरी और नेत्र विभाग सर्जरी की भी सराहना की। यह नवसृजित पीडिया वार्ड बच्चों के स्वास्थ्य-सुधार की दिशा में एक अनोखी पहल है और इसे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के रूप में देखा जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत – मौलाना यासूब अब्बास



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर-मस्जिद विवादों पर सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतें ऐसे मामलों में न तो ऑर्डर जारी करें और न ही सर्वे कराने के निर्देश दें। इस फैसले का स्वागत करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को सलाम करता हूं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि निचली अदालतों में इस तरह की याचिकाओं से देश का माहौल खराब हो रहा है और आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह कदम देश की एकता और भाईचारे को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर निचली अदालतों में याचिकाएं दायर करना देश की एकता को तोड़ने की साजिश है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर मस्जिद, मज़ार, और दरगाह के नीचे मंदिर खोजने का प्रयास करना स्वस्थ समाज की निशानी नहीं है। मौलाना ने सवाल उठाया, देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर बात क्यों नहीं हो रही? उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च जैसे धार्मिक स्थल मन की शांति के लिए हैं, न कि विवाद पैदा करने के लिए। उन्होंने अपील की कि धार्मिक स्थलों को राजनीति का हिस्सा बनाने से बचा जाए और उन लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो ऐसे विवाद फैलाकर देश की शांति और एकता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## दलालों से मिलीभगत पर संपत्ति अधिकारी निलंबित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। आवास विकास परिषद की वृंदावन योजना के संपत्ति अधिकारी नरेश कुमार को अनुशासनहीनता और दलालों से मिलीभगत के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इसका आदेश भी आवास विकास परिषद सचिव नीरज शुक्ला ने जारी कर दिया है। प्रशासनिक अधिकारी आनंद कुमार गौतम को वृंदावन योजना का संपत्ति अधिकारी बनाया गया है। परिषद के कनिष्ठ सहायक निखिल जोशी ने संपत्ति अधिकारी नरेश कुमार पर आरोप लगाया था कि वह अपने पास दलालों को बैठाते हैं। किसानों के भूखंड आवंटन से जुड़ी फाइलें दलालों को दिखाने का दबाव बनाते हैं। दलाल बदसुलूकी करते हैं, तो संपत्ति अधिकारी आपत्ति जताने के बजाय उनका बचाव करते हैं। ट्रांसफर हो जाने के बाद भी मुझे कार्यमुक्त नहीं किया गया। जांच के दौरान पाया गया की संपत्ति अधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की भी अवहेलना की आवास विकास परिषद की वृंदावन योजना का मामला प्रशासनिक अधिकारी आनंद गौतम को मिली जिम्मेदारी ब्रिजेश को अवध विहार और रामचंद्र को आम्रपाली की मिली जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारी ब्रिजेश कुमार को अवध विहार योजना का नया संपत्ति अधिकारी बनाया गया है। ब्रिजेश अभी मुरादाबाद कार्यालय में तैनात हैं। इसके अलावा इंदिरानगर संपत्ति प्रबंधक के पद पर तैनात रामचंद्र को अब आम्रपाली योजना के संपत्ति प्रबंधक की जिम्मेदारी दी गई है।

## एलडीए के इंजीनियरों की मिली भगत से बन रहीं सील इमारतें

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। आइडिया द्वारा अवैध निर्माण को सील करने के बाद भी इमारतें बन जा रही है गुलजार नगर गोमतीनगर की सुजन विहार कालोनी और किसान पथ पर अवैध निर्माण सील किए जाने के बावजूद काम चलता पाया गया। यहां तक कि इमारतें बनकर तैयार हो गई और लोग उन्हें खरीदकर रहने भी लगे। कुछ लोगों ने साफ कहा कि एलडीए के अधिकारी,इंजीनियरों एवं कर्मचारी की मिलीभगत से यह सब काम हो रहा है। इंदिरानगर के चांदन गांव में एलडीए की टीम ने मंगलवार को जिस पाम पैराडाइज टाइटल कॉलोनी में बने पांच मंजिला कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलाया, यहा पर सील विल्डिंग में निर्माण कार्य जारी था। कॉम्लेक्स के अलावा यहां पर 88 रो हाउस बनाकर बेच दिए गए। ऐसे में मंडलायुक्त की नाराजगी के बाद एलडीए ने कार्रवाई शुरू की जिन लोगों ने मकान खरीद हैं. वे न्यायालय की शरण में गए हैं। अदालत से उनको स्टे मिल गया। बड़ा सवाल है कि 88 अवैध रो हाउस कैसे बन गए?

## सरकारी जमीन पर आम रास्ते के एवज में लाखों रुपए मांगने का आरोप

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र बंथरा के गढ़ी चुनौटी गांव निवासी जलेश्वर सिंह ने बंजर में दर्ज 750 वर्ग फीट सरकारी जमीन से बनाए गए आम रास्ते के एवज में बंथरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के ऊपर 25 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया है। उसने गुरुवार को इसकी लिखित शिकायत सरोजनीनगर एसडीम और बंथरा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से की है। जलेश्वर सिंह के मुताबिक गढ़ी चुनौटी स्थित उसके गाटा संख्या 777 व 779 तक रामचौरा के पूर्व प्रधान द्वारा काश्तकारों की आम सहमति के आधार पर रामचौरा - वादे खेड़ा रोड से कच्ची सड़क निर्मित कराई गई थी। इस कच्ची सड़क में राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज गाटा संख्या 295 की 25 x 30 = 750 वर्ग फीट भूमि पर भी रास्ता बना है, जो जनहित में है। जलेश्वर का आरोप है कि बंथरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा उक्त बंजर में दर्ज जमीन की एवज में 25 लाख रुपए की मांग की गई। न देने पर रास्ता खुदवा देने की धमकी भी दी गई। उनका कहना है कि इस संबंध में सिविल कोर्ट में वाद भी विचाराधीन है। जिसकी नियत तिथि 6 जनवरी 2025 है। जलेश्वर ने उक्त अधिकारियों को दिए गए पत्र में सिविल कोर्ट में दायर वाद के निस्तारण तक उक्त निर्मित रास्ते पर किसी प्रकार की दखलअंदाजी से रोकने की मांग की है।

# डांस ऐसा करो कि दूसरे नाचने पर मजबूर हो जाएं, हर लड़की को खूबसूरती पर गर्व होना चाहिए

# तमन्ना भाटिया



शस्त्री 2श् के गाने श्आज की रातश् से तहलका मचाने के बाद तमन्ना भाटिया हर किसी की फेवरेट बनी हुई हैं। उनकी फिल्मों से लेकर गानों और पर्सनल लाइफ तक के बारे में लोग जानना चाहते हैं। तमन्ना भाटिया ने बातचीत में काफी कुछ बताया है। इंटरव्यूरू डांस ऐसा करो कि दूसरे नाचने पर मजबूर हो जाएं, हर लड़की को खूबसूरती पर गर्व होना चाहिए- तमन्ना भाटिया मेरी कोशिश कभी ये नहीं होती कि देखो, मैं कितने मुश्किल स्टेप कर सकती हूं- तमन्ना उनकी फिल्मों में जिस तरह बहुत ही आम लोगों की कहानी होती है, जो बहुत ही अजीब परिस्थिति में पड़ जाते हैं- तमन्ना फिल्म श्जेलरश् के गाने श्कवालाश् से लेकर शस्त्री 2श् के श्आज की रातश् तक में अपनी अदाओं और डांस मूव्स से हर किसी को झूमने पर मजबूर करने वाली ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों चर्चा में हैं, अपनी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म में तमन्ना एक ऐसी सिंगल मदर बनी हैं जो हीरों की चोरी के आरोप में फंस जाती है। पेश है उनसे ये खास बातचीतरू इन दिनों हर तरफ आपके डांस नंबर्स का जलवा है, वो फिर कवाला हो या आज की रात, हर कोई इन पर झूम रहा है। आपके लिए डांस क्या है? डांस से मेरा रिश्ता बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि मैंने डांस सीखा नहीं है। मैं ट्रेंड डांसर नहीं रही हूं। मैं कभी डांस स्कूल नहीं गई। मैंने सेट पर ही डांस सीखा है तो मैं अपने डांस का श्रेय उन सभी कोरियोग्राफर्स को देना चाहूंगी, जिनसे मैंने सीखा। प्रभु देवा सर, राज सुंदरम सर, प्रेम रक्षित सर, वृंदा मैम और साउथ के बहुत सारे कोरियोग्राफर्स ही मेरे टीचर रहे हैं। उन्होंने मुझे फिल्म डांस समझने में काफी मदद की, क्योंकि फिल्म डांस बाकी से काफी अलग होता है। मेरा मानना है कि डांस शो ऑफ करने की चीज नहीं है कि मैं ये मुश्किल स्टेप कर सकती हूं। डांस ऐसा होना चाहिए कि उसे देखकर दूसरे का मन भी नाचने के लिए मचल जाए। मेरी कोशिश कभी ये नहीं होती कि देखो, मैं कितने मुश्किल स्टेप कर सकती हूं, मेरी कोशिश यही रहती है कि जब कोई मेरी ओर देखे और उसे मेरे अंदर की मस्ती या कोई एक्सप्रेशन पसंद आ जाए और उनका मन भी डांस करने का कर जाए और शायद इसीलिए लोग उससे कनेक्ट करते हैं। फिल्मों के इन डांस नंबर्स पर अक्सर उत्तेजक और सेक्सिस्ट के आरोप भी लगते हैं। आपकी इस पर क्या राय है? सेक्सिस्ट क्या होता है? सेक्सी का मतलब क्या होता है? सेक्सी का डिक्शनरी में मतलब होता है- अपने सेक्स की तरह महसूस करना मतलब अगर आप एक लड़की हैं तो अपने जेंडर का प्रतीक होना। अगर एक औरत बहुत ही खूबसूरत या औरत के जैसी लग रही है तो उसे सेक्सी बोलते हैं, तो इसका मतलब बहुत सरल है। बाकी किसी को घुमा फिराकर दूसरा मतलब निकालना है तो आप दस हजार मतलब निकाल सकते हैं, लेकिन मेरे हिसाब से औरतों को खुद में खूबसूरत महसूस करना चाहिए। मैं बहुत सी लड़कियों से मिलती हूं जो मुझे आकर बोलती हैं कि मैम, आप बहुत खूबसूरत हैं। आप तो रियल में बहुत इतनी सुंदर हैं, पर मेरा मानना है कि वे लड़कियां खुद बहुत सुंदर हैं। मेरा मानना है कि एक औरत को दूसरी औरत को सपोर्ट करना चाहिए और कहना चाहिए कि मुझे आप बहुत खूबसूरत लगती हैं और मैं दिल से ऐसा महसूस करती हूं। मैं इसे छिपाना नहीं चाहती। आपकी खूबसूरती पर आपको गर्व होना चाहिए तो ब्यूटी से जुड़ी कोई भी चीज जो मैं करती हूं, उसे लेकर मेरा नजरिया यही होता है। फिल्म में आपकी किस्मत खूब नाच नचाती है, बहुत मुश्किलों से जूझने पर मजबूर करती है। असल जिंदगी में ऐसा मुश्किल दौर कौन सा रहा है, जिसे हराकर आप सिकंदर बनीं? करियर के शुरुआत का दौर मैं कहूंगी कि थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि जब मैंने काम करना शुरू किया था, तब मैं बहुत कम उम्र की थी और हमेशा ऐसे लोगों के साथ काम कर रही होती थी, जो मुझसे 20 साल बड़े थे। वो काफी अजीब होता था कि मैं इतनी छोटी थी और 20 साल बड़े मर्दों से घिरी रहती थी तो वो एक अलग किस्म की प्रजाति को समझने जैसा था। लोग इस बारे में बात नहीं करते लेकिन ऐक्टर होने का एक बड़ा हिस्सा ये होता है कि आप समझ सकें कि फिल्ममेकर आखिर क्या बनाना चाहता है और इसके लिए आप में वो समझ होनी चाहिए। मेरे लिए वो सोच विकसित करना और उनके दिमाग को समझना चुनौती थी। फिर, मैं साउथ में काम कर रही थी, जबकि खुद मुंबई से थी, तो वहां के कल्चर को समझना था, क्योंकि वो दुनिया ही बिल्कुल अलग थी। मेरा मानना है कि अगर आप किसी भी ऑडियंस के दिल तक पहुंचना चाहते हैं तो आपको उनकी जिंदगी, उनकी संस्कृति को समझना जरूरी है। इसके अलावा, हमारी जॉब में लोगों से इंटरैक्ट करने की कला भी आनी चाहिए, क्योंकि आपको अलग अलग लोगों के साथ मिलकर काम करना होता है। कैमरामैन, डायरेक्टर, कॉस्ट्यूम टीम, सब कुछ बताएंगे और इसमें सबसे बड़ी चीज है, अपने ईगो को आड़े ना आने देना। तभी आप बढ़िया साझेदारी कर पाएंगे। अगर आप ये सोचने लगे कि मुझे ज्यादा आता है तो आप वो नहीं कर पाएंगे, इन सब चीजों को उस छोटी उम्र में समझ पाना बहुत मुश्किल था। लेकिन मैं बहुत दृढ़ थी, इसलिए वो कर पाई, लेकिन बहुत मुश्किल होती थी। कई बार ऐसा हुआ कि दिग्गज लोग मुझसे कोई बात कर रहे हैं। मैं हां हां कहती रहती थी लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा होता है, लेकिन मुझे ऐसा दिखाना है कि नहीं, मैं तो सब समझ रही हूं। (हंसती हैं) फिल्म श्मुकद्दर का सिकंदरश् का से जुड़ने की खास वजह क्या रही? कैसा अनुभव रहा? यह फिल्म करने की सबसे बड़ी वजह ये रही कि मुझे नीरज सर (डायरेक्टर नीरज पांडे) की फिल्में हमेशा से बहुत पसंद रही हैं। उनकी फिल्मों में जिस तरह बहुत ही आम लोगों की कहानी होती है, जो बहुत ही अजीब परिस्थिति में पड़ जाते हैं और फिर उन हालातों से वे कैसे जूझते और निकलते हैं, वो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि ये उनकी एक थीम है तो जब मैंने ये स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे लगा कि यह एक अलग दुनिया है और हिंदी फिल्मों में निश्चित तौर पर लोगों ने मुझे अब तक ऐसे रोल में नहीं देखा है। फिर, यह साल बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि बहुत अलग-अलग किस्म की फिल्में आई हैं। ऐसे में, इस तरह की फिल्म के लिए यह एक बेहतरीन समय है। यह एक तेज रफ्तार की हीस्ट थ्रिलर है। आप जैसे-जैसे इन किरदारों की जिंदगी को समझने लगते हैं, उनसे जुड़ते जाते हैं, तो मेरे लिए कुल मिलाकर यह एक बहुत अच्छा अनुभव रहा।




चंकी पांडे, गोविंदा और शक्ति कपूर ने फिल्म आंखें में बंदर के साथ काम करने से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया। इस फिल्म में गोविंदा और चंकी पांडे दोनों ही डबल रोल में नजर आए थे। फिल्म के स्टारकास्ट ने किस्सा शेयर करते हुए कहा, फिल्म आंखें के लिए किसी एक्टर या एक्ट्रेस को नहीं बल्कि बंदर को सबसे ज्यादा पैसे मिले थे। बंदर को मिले गोविंदा और चंकी से ज्यादा पैसे चंकी पांडे, गोविंदा और शक्ति कपूर हाल ही में द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा बने थे।

शो पर बातचीत के दौरान शक्ति कपूर ने कहा, 'हमने साथ में फिल्म आंखें में काम किया था, जिसमें ये दोनों हीरो थे। असल में नहीं, तीन हीरो थे। गोविंदा, चंकी और एक बंदर। 5 स्टार होटल में मिला था बंदर को कमरा शक्ति कपूर की बातों पर हंसते हुए चंकी और गोविंदा ने कहा, हां, उस बंदर को हमसे ज्यादा पैसे मिले थे। शक्ति ने कहा कि बंदर को मुंबई के सन एंड सैंड होटल में एक कमरा दिया गया था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, जब भी डेविड बंदर को बुलाता, चंकी आ जाता। जब भी वह चंकी को बुलाता, बंदर आ जाता।' पहले भी बंदर का जिक्र कर चुके हैं चंकी इससे पहले भी हिंदुस्तान टाइम्स के एक इंटरव्यू में चंकी पांडे ने बंदर का जिक्र किया था। उस समय चंकी ने किस्सा शेयर करते हुए कहा था, 'मुझे बताया गया था कि आपके अलावा फिल्म में सभी डबल रोल में हैं और मैंने कहा कि यह ठीक नहीं है। इसलिए, मुझे एक बंदर दिया गया, उस बंदर को मुझसे और गोविंदा से ज्यादा पैसे दिए गए थे।' 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी फिल्म बता दें, डेविड धवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अनीस बाज्मी फिल्म के प्रोड्यूसर थे। फिल्म में चंकी पांडे और गोविंदा के अलावा रितु शिवपूरी, शिल्पा शिरोडकर और रागेश्वरी लूंबा ने भी अहम किरदार निभाया था।








आईएमडीबी की मोस्ट पॉपुलस स्टार लिस्ट में एक एक्ट्रेस ने शाहरुख खान-दीपिका और आलिया को पछाड़कर नंबर 1 रैंक हासिल की है. जानते हैं ये अभिनेत्री कौन हैं? आईएमडीबी ने साल 2024 के मोस्ट पॉपुलर स्टार की लिस्ट जारी की है. हैरानी की बात ये है कि इस लिस्ट में नंबर 1 की पोजिशन पर ना तो शाहरुख खान हैं ना दीपिका पादुकोण और ना ही आलिया भट्ट. जी हां इस बार टॉप पोजिशन एनिमल की एक एक्ट्रेस ने कब्जा कर लिया है. कौन है साल 2024 की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस दरअसल आईएमडीबी की मोस्ट पॉपुलर स्टार ऑफ2024 की लिस्ट में नंबर 1 पोजिशन हासिल करने वाली एक्ट्रेस कोई और नहीं एनिमल की भाभी नंबर 2 यानी तृपति डिमरी हैं. इसी के साथ तृप्ति ने पॉपुलैरिटी में दीपिका पादुकोण, शाहरुख खान और आलिया भट्ट जैसे बड़े सितारों को पीछे छोड़ दिया है. बता दें कि गुरुवार को, प्डक्इ ने 2024 के टॉप 10 सबसे पॉपुलर इंडियन स्टार्स की अनाउंटमेंट की थी. लिस्ट को दुनिया भर में प्डक्इ पर 250 मिलियन से ज्यादा मंथली विजिटर्स के एक्चुअल पेज व्यूज द्वारा निर्धारित की गई है. रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्ट एनिमल में भाभी नंबर 2 का किरदार निभाकर तृप्ति डिमरी भी रातों-रात सेंसेशन बन गई थीं. इसी के साथ वे इस लिस्ट में 2024 की 1 भारतीय स्टार. इस साल, वह तीन फिल्मों में दिखाई दींरू बैड न्यूज, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, और भूल भुलैया 3. नंबर वन रैंक मिलने पर तृप्ति ने क्या कहा? तृप्ति ने अपनी एक्टिंग जर्नी में सपोर्ट करने के लिए फैंस को थैंक्यू कहा है. उन्होंने कहा, फ्नंबर 1 रैंक हासिल करना वास्तव में एक बड़ा सम्मान है. ये सम्मान मेरे फैंस के इनक्रेडिबल सपोर्ट और उन सभी की कड़ी मेहनत का प्रमाण है जिनके साथ मुझे कोलैबोरेट करने का सौभाग्य मिला है,श्श् उन्होंने एक बयान में कहा, श्श्एक्साइटिंग प्रोजेक्ट्स पर काम करने से लेकर 2024 में भूल भुलैया 3 के साथ काम पूरा करने तक, यह मेरे लिए एक यादगार साल रहा है. मैं इस बात का इंतजार कर रहा हूं कि आगे क्या होगा क्योंकि मैं इस इंस्पायरिंग इंडस्ट्री का हिस्सा बनी रहूंगी.श्श् लिस्ट में दूसरे-तीसरे नंबर पर कौन हैं? लिस्ट में दूसरे नंबर पर न्यू मॉम दीपिका पादुकोण हैं दीपिका की भी इस साल तीन शानदार फिल्में फाइटर, कल्कि 2898 एडी, और सिंघम अगेन रिलीज हुई थी. उन्होंने कल्कि 2898 ईस्वी में अपना तेलुगु डेब्यू किया और अपने करियर में एक और मील का पत्थर एड किया था. फिलहाल एक्ट्रेस अपनी न्यू बर्घर्न बेटी संग पेरेंटिंग एंजॉय कर रही हैं. वहीं लिस्ट में तीसरे नंबर पर ईशान खट्टर हैं. ईशान ने अपनी दूसरी अंतर्राष्ट्रीय टीवी सीरीज, द परफेक्ट कपल में अपनी भूमिका के साथ अपने फैंस बेस को बढ़ाया है. लिस्ट में ये स्टार्स भी हैं शामिल वहीं बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं जबकि शोभिता धूलिपाला 5वें और शारवरी 6वें स्थान पर हैं. लिस्ट में ऐश्वर्या राय 7वीं पोजिशन पर हैं, उनके बाद आलिया भट्ट 9वें और प्रभास 10वें स्थान पर हैं.

## हरभजन सिंह ने आईसीसी पर साधा निशाना, कहा- मोहम्मद सिराज के साथ हुई नाइंसाफी



आईसीसी ने मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड को जो सजा सुनाई वो भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को पच नहीं पाई। हरभजन सिंह की नजर में कि सिराज के अनुशासनानत्मक रिकॉर्ड में डिमेरिट अंक जोड़ने के साथ मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाना नाइंसाफी है। वह सिराज-हेड की नोकझोंक पर आईसीसी के दखल को सही नहीं मानते। उन्होंने तगड़ी डोज देते हुए कहा कि आईसीसी को छोटी-छोटी चीजों से दूर रहना चाहिए। सिराज और हेड के बीच इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट में तीखी बहस देखने को मिली। सिराज ने हेड को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था और पवेलियन जाने का इशारा किया। वहीं, हेड कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। हरभजन सिंह ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि, बात का बतंगड़ बना लिया है। ऐसा कुछ नहीं हुआ कि आईसीसी को दखल देना पड़े। कुछ ऐसा नहीं हुआ कि एक-दूसरे से हाथापाई करने गए। ट्रैविस ने कुछ बोला, जिसपर सिराज ने रिएक्ट किया। बात वहीं की वहीं खत्म हो गई। लेकिन आईसीसी ने दखल दिया। दोनों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट दे दिया गया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है। दोनों खिलाड़ियों ने चीजें तो सेम ही की थीं। सिराज ने तो वो शब्द भी नहीं बोला, जो हेड ने बोला था। उन्होंने तो सिर्फ हाथ से इशारा किया था। सिराज ने वो तब किया, जब हेड ने वो शब्द बोला। अगर दोनों ने काम सेम किया तो फिर सिराज पर 20 प्रतिशत क्यों लगाया? पूर्व स्पिनर ने आगे कहा कि, दुनिया का कोई भी खेल देखें, कितना कॉम्पिटिटिव चलता है। मुझे लगता है कि अगर आईसीसी हर बात पर, हर नोकझोंक पर दख्लअंदाजी करेगा तो वो फ्लेवर खत्म हो जाएगा। क्रिकेट हो, बेस्टबॉल हो, या कोई भी खेल हो थोड़ी बहुत नोकझोंक चलना जरूरी है। इस वजह से स्पोर्ट्स में रुझान बनता है। आईसीसी को छोड़ी-छोटी चीजों में दख्लअंदाजी नहीं करनी चाहिए। आईसीसी को बड़ी चीजों में दखल देना चाहिए। अगर किसी ने अपनी मर्यादा पार की फिर कमेटी बिठाना चाहिए। सिराज-हेड का बहुत छोटा सा बैटर था, जिसे बतंगड़ बना दिया गया।

# 2021 से जितने टेस्ट शतक रूट ने अकेले बनाए

### कोहली-विलियम्सन और स्मिथ मिलकर भी उतने नहीं बना सके





**नई दिल्ली।** साल 2021 से टेस्ट में सबसे ज्यादा रन जो रूट के ही नाम है। इस दौरान उन्होंने 54 टेस्ट की 99 पारियों में 56.25 की औसत से 5063 रन बनाए हैं। इनमें 19 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह इस साल टेस्ट में 1400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। उन्हें मौजूदा समय के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। मौजूदा समय के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को फैब-4 भी कहा जाता है। इनमें रूट के अलावा भारत के विराट कोहली, न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ शामिल हैं। हालांकि, रूट ने साल 2021 से लेकर अब तक टेस्ट में जितने शतक अकेले बनाए हैं, बाकी के तीनों ने मिलकर भी उतने शतक नहीं लगाए हैं। रूट साल 2021 के बाद से लगातार एक कदम ऊपर चढ़ते गए, जबकि बाकी के तीनों के लिए समय मिलाजुला रहे। हालांकि, विलियम्सन ने कुछ अच्छी पारियां जरूर खेलीं, लेकिन विराट और स्मिथ रन के लिए तरसते दिख रहे हैं। इन दोनों के फॉर्म पर कई दिग्गज सवाल भी उठा चुके हैं। साल 2021 से टेस्ट में सबसे ज्यादा रन जो रूट के ही नाम है। इस दौरान उन्होंने 54 टेस्ट की 99 पारियों में 56.25 की औसत से 5063 रन बनाए हैं। इनमें 19 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर केन विलियम्सन हैं। उन्होंने 22 टेस्ट की 41 पारियों में 59.43 की औसत से 2199 रन बनाए हैं। इनमें नौ शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। स्टीव स्मिथ ने इस दौरान 36 टेस्ट की 63 पारियों में छह शतक और 12 अर्धशतक की मदद से 2467 रन बनाए। वहीं, कोहली ने 33 टेस्ट की 58 पारियों में 33.54 की औसत से 1845 रन बनाए। इनमें तीन शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। साल 2021 से लेकर अब तक स्मिथ-कोहली और विलियम्सन के शतकों को मिलाया जाए तो कुल 18 शतक होते हैं, जो कि रूट के 19 शतक से कम है। रूट फिलहाल अलग लीग की क्रिकेट खेल रहे हैं। साल 2024 की बात करें तो रूट इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने अब तक 16 टेस्ट की 29 पारियों में 56.53 की औसत से 1470 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने छह शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। वहीं, फैब-4 के अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो विलियम्सन ने इस साल आठ टेस्ट की 16 पारियों में 54.20 की औसत से 813 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, स्मिथ ने इस साल सात टेस्ट की 13 पारियों में 23.20 की औसत से 232 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, कोहली ने इस साल आठ टेस्ट की 16 पारियों में 26.64 की औसत से 373 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। विलियम्सन-कोहली और स्मिथ के इस साल के शतक और रन को मिलाया जाए तो भी रूट के बराबर नहीं है। तीनों को मिलाकर रन 1418 हो रहे हैं जो कि रूट के 1470 रन से कम है, वहीं तीनों को मिलाकर शतक 4 हो रहे, जो कि रूट के छह शतक से कम हैं। रूट धीरे-धीरे सचिन के रिकॉर्ड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। दुनिया के महान बल्लेबाजों में शामिल सचिन ने अपने टेस्ट करियर में 200 मैचों में 53.78 की औसत से 15921 रन बनाए थे। इनमें 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, रूट ने अब तक 151 टेस्ट में 50.93 की औसत से 12886 रन बना लिए हैं। इनमें 36 शतक और 64 अर्धशतक शामिल हैं। वह जिस रेट से पिछले चार साल से रन बना रहे हैं, ऐसे में सचिन का रिकॉर्ड खतरे में दिखाई पड़ रहा है। इतना ही नहीं रूट टेस्ट क्रिकेट में 100 या उससे अधिक 50 के स्कोर के लैंडमार्क को छूने वाले इंग्लैंड के पहले और ओवरऑल चौथे खिलाड़ी बन गए। सचिन तेंदुलकर (119) के नाम टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 50 का स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस का नंबर आता है। रिकी पोंटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने भी 103 बार पचास से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं।

## मंधाना ने दर्ज की बड़ी उपलब्धि, एक कैलेंडर वर्ष में चार वनडे शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बनीं




**पर्थ।** मंधाना ने बेलिंडा क्लार्क (1997), मेग लेनिंग (2016), एमी सैटरवेट (2016), सोफी डिवाइन (2018), सिदरा अमीन (2022), नताली सिवर ब्रंट (2023) और लौरा वॉलवॉर्ट (2024) को पीछे छोड़ा जिन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में तीन शतक लगाए हैं।भारतीय महिला टीम को भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, लेकिन स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपनी शतकीय पारी से एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में शतक जड़ा जो उनका इस साल वनडे में चौथा शतक है। मंधाना इसके साथ ही एक कैलेंडर वर्ष में वनडे प्रारूप में चार सैकड़ा लगाने वाली पहली बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना ने दिग्गजों को पीछे छोड़ा मंधाना ने बेलिंडा क्लार्क (1997), मेग लेनिंग (2016), एमी सैटरवेट (2016), सोफी डिवाइन (2018), सिदरा अमीन (2022), नताली सिवर ब्रंट (2023) और लौरा वॉलवॉर्ट (2024) को पीछे छोड़ा जिन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में तीन शतक लगाए हैं। मंधाना ने इसके साथ ही महिलाओं में सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली एशियाई क्रिकेटर के तौर पर श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना और चामरी ने एक समान वनडे में नौ-नौ शतक लगाए हैं। ब्रंट और इंग्लैंड की पूर्व कप्तान चारलोट एडवर्ड्स के नाम भी नौ-नौ शतक हैं। महिलाओं में वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड मेग लैनिंग के नाम है जिन्होंने 15 शतक लगाए हैं। उनके बाद सूजी बेट्स (13) और टैमी ब्यूमोंट (10) का नंबर आता है। रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं मंधाना मंधाना ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं और वह पहले दो मैचों में क्रमशः आठ और नौ रन बनाकर आउट हुई थीं। लेकिन तीसरे मैच में मंधाना का बल्ला जमकर बोला और उन्होंने 109 गेंदों पर 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 105 रन की पारी खेली। मंधाना की पारी भी हालांकि भारत को जीत नहीं दिला सकी और टीम को 83 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच का हाल मैच की बात करें तो एनाबेल सदरलैंड की शतकीय पारी के बाद एश्ले गार्डनर की दमदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला टीम को पर्थ में खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सदरलैंड के 95 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 110 रन की पारी के दम पर 50 ओवर में छह विकेट पर 298 रन बनाए। जवाब में मंधाना ने शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम 45.1 ओवर में 215 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना ने हरलीन देओल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 118 रनों की साझेदारी की। मंधाना शानदार फॉर्म में दिख रही थीं और उन्होंने भारत को लक्ष्य तक पहुंचाने की कोशिश की। हालांकि, हरलीन (39) के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और दूसरे छोर पर कोई अन्य बल्लेबाज मंधाना का साथ नहीं दे सका।

## पर्थ में हार के बाद आलोचना से 'स्तब्ध' थे खिलाड़ी, कमिंस के आक्रामक रवैये से की वापसी



**एडिलेड ।** महान विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि भारत के खिलाफपर्थ टेस्ट में हार के बाद हुई आलोचना से ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी स्तब्ध' थे, लेकिन कप्तान पैट कमिंस की नियंत्रित आक्रामकता के दम पर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापसी करने में सफल रहा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद से खेले गये दूसरे मैच को 10 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया। गिलक्रिस्ट ने 'फॉक्स क्रिकेट' से कहा, ''आप उनके (कमिंस) जश्न से देख सकते हैं कि... उन्होंने जो भी विकेट लिया वह अपने जश्न में अधिक आक्रामक दिख रहे थे।'' उन्होंने कहा, '' ऐसा नहीं है कि उन्होंने बहुत खराब प्रदर्शन किया लेकिन पर्थ में हार के बाद खिलाड़ियों को थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था और इससे वे बहुत निराश हुए होंगे।'' इस पूर्व दिग्गज ने कहा, ''तो यह (एडिलेड में जश्न का तरीका) आपको दिखाता है कि उनके लिए इसके क्या मायने है। वे जानते थे कि वे उस स्तर पर वापस आ गए हैं जिस स्तर पर वे अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं।'' पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि पर्थ में खराब प्रदर्शन के बाद ऐसा लगा कि कप्तान ने ' खिलाड़ियों में जोश भरने के लिए कुछ काम' किया है। उन्होंने कहा, ''कमिंस शानदार थे। वह ऐसा लग रहा था जैसे पर्थ के बाद उन्होंने खिलाड़ियों में जोश और जज्बा भरा। इसलिए यह देखना बहुत बढ़िया था।'' गुलाबी गेंद टेस्ट में कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के शानदार प्रदर्शन के कारण अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने इस मैच में सिर्फएक ओवर किया।

### ब्रिस्बेन में हो रही जोरदार बारिश, भारत-ऑस्ट्रेलिया गाबा टेस्ट पर फिरेगा पानी?

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट शनिवार 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। बिस्बेन टेस्ट दोनों की नजरें सीरीज में बढ़त लेने पर है। टीम इंडिया अभी ब्रिस्बेन पहुंची ही थी कि उनका स्वागत जोरदार बारिश से हुआ। बुधवार को ब्रिस्बेन में भारी बारिश हुई। वेदरजोन के मुताबिक ब्रिस्बेन में बुधवार 75.8 मीटर बारिश हुई। ये फरवरी के बाद साल का सबसे ज्यादा बारिश वाला दिन रहा। इसे बेमौसम बारिश माना जा रहा है। ऐसे में अब ये सवाल उठ रहा है कि क्या शनिवार से शुरू हो रहे टेस्ट मुकाबले पर भी पानी फिर जाएगा। गाबा स्टेडियम भारत के लिए बहुत खास रहा है। इसी मैदान पर उन्होंने 2021 में ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ सीरीज जीती थी। वेदरजोन कि रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिस्बेन टेस्ट पर बारिश का असर नहीं होगा। शनिवार को बारिश की केवल 20 प्रतिशत संभावना है वहीं बाकी के चारों दिन में ये केवल 30 प्रतिशत ही होगी। हालांकि, मंगलवार और बुधवार को हुई भारी बारिश के बाद पिच पर जरूर असर होगा। गाबा में ओवरकास्ट कंडिशन में तेज गेदंबाजों को मदद मिलेगी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### सजा पर बोले मोहम्मद सिराज, जानें टीम इंडिया के गेंदबाज ने क्या कहा?

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंटरनेशनल क्रिके काउंसिल से मिली सजा पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने सकारात्मक रिएक्शन दिया है। वह एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड के साथ हुई नोकझोंक के बाद लगाए गए जुर्माने से ज्यादा चिंतित नहीं है। आईसीसी ने सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। वहीं हेड को सिर्फडिमेरिट अंक दिया गया। सिराज की मैच के दूसरे दिन हेड से तीखी बहस हुई थी। बता दें कि, एडिलेड टेस्ट के दौरान सिराज ने हेड को आक्रामक विदाई देते हुए पवेलियन जाने का इशारा किया था। जबकि हेड ने कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। हेड ने 140 रनों की तूफानी पारी खेली थी और ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से भारत को हराया था। फिलहाल, सीरीज में भारत और ऑस्ट्रेलिया 1-1 की बराबरी पर हैं। सीरीज का तीसरा टेस्ट शनिवार से ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में खेला जाना है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, जब मंगलवार को सिराज से जुर्माने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, हां यार सब ठीक है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सिराज पर लगभग 16,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना लगा है जो भारतीय रुपये में करीब 9 लाख है। जब सिराज से पूछा गया कि वह इससे परेशान है तो गेंदबाज ने जवाब दिया कि मैं अब जिम जा रहा हूं।

### नन्ही फैन से मिलकर गदगद हुए ऋषभ पंत, साथ में खेलते हुए आए नजर

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इन दिनों टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वह लंबे समय से टीम के साथ बने हुए हैं और तीनों फॉर्मेट में काफी कम समय में अपनी जगह पक्की कर ली है। ऋषभ पंत ने आईसीसी 2024 से वापसी की और पिर भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऋषभ पंत फील्ड पर हो या उसके बाहर हमेशा फैंस को एंटरटेन करते रहते हैं। इस समय वो एक वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पंत छोटी बच्ची के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। पंत के इस जेस्चर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। ऋषभ पंत को 2019 में टिम पेन ने बेबी सिटर कहकर चिढ़ाया था। जिसके बाद से उन्हें ऑस्ट्रेलिया में इस नाम से फैंस बुलाते दिख जाते हैं। पंत शुरुआती टेस्ट मैच में कुछ कमाल नहीं दिखा सके हैं। उन्होंने 21 और 28 रन बनाए। तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन के गाबा में खेला जाएगा और मेहमान टीम के लिए कड़ी चुनौती होगी। एडिलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले भारत के 61.11 अंक थे। लेकिन हार के बाद उसके 57.29 प्रतिशत अंक रह गए हैं। दक्षिण अफ्रीका वर्तमान 63.33 प्रतिशत अंक के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में टॉप पर है।

### नवंबर में कम हुई कार की बिक्री, आने वाले महीनों में सुधार होने की है संभावना

गाड़ियों की खरीददारी में नवंबर के महीने में गिरावट देखने को मिली है। भारतीय बाजार में नवंबर में मंदी देखी गई है हालांकि उम्मीद थी कि इसमें मजबूती हो सकती है। फेडरेशन ऑफऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने इस संबंध में जानकारी साझा की है। एसोसिएशन के आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर 2023 की तुलना में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 13.72 प्रतिशत की गिरावट आई है। ऐसा देश के अधिकांश भागों में शादी के मौसम से अपेक्षित तेजी तथा अक्टूबर के अंत में दिवाली से होने वाले पंजीकरण के बावजूद हुआ, जिससे बिक्री में तेजी आने की उम्मीद थी। सोमवार को जारी फाडा के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया (15.8 प्रतिशत वृद्धि), तिपहिया (4.23 प्रतिशत) और ट्रैक्टर (29.88 प्रतिशत) खंडों में सकारात्मक परिणाम दिखे, लेकिन यात्री वाहन खंड एक बड़ी चिंता का विषय रहा। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र भी संघर्षरत रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 6.08 प्रतिशत की गिरावट आई।

### वेंकटेश अय्यर का शानदार प्रदर्शन, रजत पाटीदार-हरप्रीत सिंह के कैमियो से मध्य प्रदेश को मिली जीत, सेमीफाइनल में एंट्री

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मध्य प्रदेश और सौराष्ट्र के बीच में मुकाबला खेला गया। जहां मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अलूर के केएससीए क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए टूर्नामेंट के तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफबाबर आजम कर सकते हैं ये कमाल, खतरे में है रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

बाबर आजम के पास मंगलवार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का



मौका है। बाबर आजम टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने के काफी करीब हैं। वह भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, जिनके नाम ये वर्ल्ड रिकॉर्ड है। साउथ अफ्रीका के खिलाफटी20 सीरीज में अगर बाबर आजम 40 रन बना लेते हैं। पदकपं अ ेनेजतंसपं, इवतकमत हंओंात जतवचील, पदक अ ेने, पदकपंद बतपबामज जमंउ, इंइंत ्उ, अपतंज ावीसप, तवीपज ींतउ, बतपबामज दमू पद ीपदकप, `चवतजे संजमेज दमू, बाबर आजम, रोहित शर्मा, विराट कोहली

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम के पास मंगलवार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका है। बाबर आजम टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने के काफी करीब हैं। वह भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, जिनके नाम ये वर्ल्ड रिकॉर्ड है। साउथ अफ्रीका के खिलाफटी20 सीरीज में अगर बाबर आजम 40 रन बना लेते हैं।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई नo UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।